हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025


तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री


12 ईद से पहले गुलजार हुआ बाजार, उमड़ रहे लोग





13 खम्हरिया में अवंती बाई बलिदान दिवस मनाया









न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
■ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ■ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### जेवरा में आज हिन्दू नववर्ष महोत्सव

**भिलाई।** हिंदू नववर्ष उत्सव समिति जेवरा नंदकट्ठी मंडल ने 29 मार्च शनिवार को श्री साजा राऊत देवालय परिसर में हिन्दू नववर्ष महोत्सव का आयोजन किया है। दोपहर 2 बजे से शोभा एवं कलश यात्रा निकलेगी। इसके बाद भजन कीर्तन, झांकियों के साथ विविध भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं प्रभु श्रीराम लला की महाआरती भी होगी। निकश साहू ने अपील की है कि हिन्दू नववर्ष के दिन सभी अपने घरों में रंगोली सजाएं। देहरी में एक दीप अवश्य जलाएं। घरों में आम्रपत्र का तोरण और भगवा ध्वज लगाएं। भजन कीर्तन के साथ उत्सव मनाएं।

### फरार वारंटी पकड़ाया

**भिलाई।** वारंटी को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रभावी अभियान के तहत एमआईजी सी मकान 127 वैशाली नगर निवासी आरोपी कमलजीत सिंह छाबड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी कमलजीत अपना नाम बदलकर बालकुम थाणे महाराष्ट्र में रहता था। थाणे महाराष्ट्र में होने की सूचना मिपर पुलिस टीम रवाना किया जहां से कमलजीत छाबड़ा के गिरफ्तारी वारंट की तामिली के लिए थाणे महाराष्ट्र रवाना किया गया। वापस आकर आरोपी कमलजीत छाड़बा को मय गिरफ्तारी वारंट के मजिस्ट्रेट संगीता नवीन तिवारी के न्यायालय उपस्थित किया गया। आरोपी के खिलाफ वैशाली नगर पुलिस थाने में धारा 354, पाक्सो का मामला दर्ज था।

### छात्रा ने लगाई फांसी



**भिलाई।** अपने कमरे में एक कालेज छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 27 श्याम नगर पोलसाय पारा दुर्ग निवासी कुमारी उपासना भोई 19 वर्ष ने अपने दो पट्टे से अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय माता पिता बाहर गए हुए थे। जब वापस लौटकर घर पहुंचे थे। कमरा भीतर से बंद था। काफी खटखटाया गया लेकिन अंदर से किसी भी प्रकार की कोई आहट सुनाई नहीं दिया। फिर परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखने पर उपासना फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मृतका गर्ल्स कालेज की बीए की छात्रा थी।

### भिलाई नगर निगम की सामान्य सभा : 619.55 करोड़ के बजट पर नहीं हो सकी चर्चा

# संक्षेपिका वितरण को लेकर विवाद, 15 मिनट चली सभा

*भिलाई निगम के 619.55 करोड़ रुपए के पारित बजट पर चर्चा के लिए शुक्रवार को बुलाई गई सामान्य सभा विवादों की भेंट चढ़ गई। संक्षेपिका वितरण सात दिन पहले नहीं किए जाने को लेकर विपक्ष व सत्ता पक्ष के कुछ पार्षदों ने आपत्ति जताई। विवाद को बढ़ता देख सभापति गिरवर बंटी साहू ने सभा 15 मिनट में स्थगित कर दी। अब यह सामान्य सभा 7 दिन बाद आयोजित की जाएगी।*

## विपक्ष के पार्षद भी एक दूसरे से भिड़ने लगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई





सामान्य सभा की शुरूआत में नेता प्रतिपक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पार्षद पीयूष मिश्रा, पार्षद महेश वर्मा ने सभापति गिरवर साहू से कहा कि बजट की संक्षेपिका निगम एक्ट के तहत सात दिन पहले पार्षदों को दिया जाना चाहिए था। पार्षदों को अभी सभा शुरू होने पर बांटी जा रही है। ऐसे में बिना पढ़े कैसे चर्चा की जा सकती है। कांग्रेस के कुछ पार्षदों ने भी इस पर सहमति जताई। इसी बीच सदन में बजट चर्चा को लेकर आपस में भी मतभेद होने लगा। उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने भाजपा पार्षदों के खिलाफ हो गए। अधिकारियों को भी देख लेने की बात कह दी। हालात तनावपूर्ण हो गया। इस दौरान सभापति ने सभा स्थगित कर दी और राष्ट्रगान शुरु करवाया दिया।

### भाजपाई पार्षदों ने कहा-अल्पमत में थी कांग्रेस

सदन स्थगित करने की वजह भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस के पार्षदों के अल्पमत में होना बताया। उनका कहना था कि सदन में कांग्रेस के केवल 8 पार्षद मौजूद थे। भाजपा के पूरे पार्षद थे। कोरम के अभाव को देखते हुए महापौर नीरज पाल ने सभापति के साथ मिलकर सदन में बजट पर चचा नहीं होने दिया और आनन-फानन में सभा स्थगित कर दी। हालांकि सदन स्थगित होने के बाद कई कांग्रेसी पार्षद पहुंचे और सभा की शामिल होने वाली सूची में अपने हस्ताक्षर किए।

### चेंबर में प्रतिपक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष के बीच तू-तू मैं-मैं

सामान्य सभा में बजट चर्चा का विवाद सभा स्थगन के बाद भी नहीं थमा। सभा स्थगन के बाद निगम के नेता प्रतिपक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष चेंबर में जमकर विवाद हुआ। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह आपस में भिड़ गए। संक्षेपिका मामले को लेकर दोनों में जमकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान दोनों की आवाजें इतनी तेज थी कि चेंबर के बाहर तक लोगों ने सुना। प्रत्यक्षदर्शी पार्षदों ने जैसे-तैसे इन दोनों की लड़ाई-झगड़े को समझा-बुझाकर अलग-अलग किया। उसके बाद निगम परिसर इन दोनों नेताओं का चर्चा का विषय रहा। इस विवाद का असर आने वाले निगम चुनाव में भी पड़ सकता है। इसकी चिंता भाजपा पार्षदों ने जताई।

### नगरीय निकाय मंत्री के निर्देश पर सवाल

बजट बैठक व सामान्य सभा के दौरान निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने निगम आयुक्त राजीव पांडेय के खिलाफ उतर गए। दया ने कहा कि निगम आयुक्त सुबह-सुबह हर वार्डों में दौरा के लिए पहुंच जाते हैं। फोटो खिंचवाकर अखबार की सुर्खियों पर बने रहना चाहते हैं। उन्होने निगम आयुक्त पर कई और टिप्पणी की। निगम के कुछ और अधिकारियों के साथ कर्मियों पर भी आरोप लगा दिए। महकमे में यही चर्चा जोरों पर चल रही है कि एक तरफ नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव का निर्देश अधिकारियों को है कि वे फील्ड पर स्वयं निकलें और कार्य करें और उनकी ही पार्टी के पार्षद कमिश्नर के कार्य को गलत ठहरा रहे हैं।

### सभापति को एक्ट का ज्ञान नहीं : अरोरा



वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व सभापति राजेन्द्र अरोरा सामान्य सभा की बैठक में शामिल हुए। अरोरा ने आरोप लगाया कि सभापति को एक्ट का ज्ञान नहीं है। सामान्य सभा में सात दिन के पहले संक्षेपिका वितरण होना था। तीन दिन पहले बजट की मूल फाइल निगम सचिवालय में पार्षदों के अवलोकन हेतु रखना था। सदन चालू हुआ तब वितरण करवाया। यह नियम विरूद्ध था और उन्होने खद की बैठक को स्थगित कर दिया। इस कृत्य की वजह से भत्ता, खाना, अधिकारियों का वेतन आदि समेत निगम को तीन लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

## सात दिन बाद फिर से होगी सामान्य सभा

### आरोप बेबुनियाद



विपक्ष का आरोप बेबुनियाद है। सभापति ने निगम एक्ट के तहत कार्य किया। बजट संक्षेपिका का वितरण नहीं होने पर विपक्ष ने ही सभा में कैसे चर्चा करने की बात रखी। जिस पर हमने भी सहमति दी। इसलिए सामान्य सभा स्थगित की गई। निगम एक्ट में सामान्य सभा के सात दिन पहले संक्षेपिका पार्षदों को दी जानी है और अवलोकन के लिए 3 दिन पहले सचिवालय में बजट की मूल फाइल रखना था। यह कार्य नहीं हुआ। विपक्ष के मांग पर सभा स्थगित की गई है।

**-नीरज पाल**, महापौर

### महापौर की मिलीभगत



महापौर और सभापति की मिलीभगत रही। जब विपक्ष चर्चा कर रहा था तो सत्ता पक्ष अल्पमत में थी। महापौर को डर था कि 54 करोड़ रूपए ज्यादा के सफाई मुददे पर घिर जाएंगे और प्रस्ताव गिर जाएगा। सफाई में बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसलिए सभा को आनन-फानन में स्थगित कर दिया गया।

**भोजराज सिन्हा**, नेता प्रतिपक्ष

### उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह के खिलाफ निगम में विरोध प्रदर्शन



निगम की सामान्य सभा में वार्ड 44 के पार्षद व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह के द्वारा निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध की गई असंसदीय भाषा कहने के विरोध में निगम के अधिकारी कर्मचारी आक्रोशित हो गए। उन्होंने नारेबाजी की। आयुक्त एवं महापौर को ज्ञापन सौंप कर विरोध स्वरूप काला फीता लगाकर काम किया। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी निगम मुख्यालय के गेट पर इक्ट्ठा होकर अपने पर हुए विपरीत टिप्पणी के लिए रोष व्यक्त करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारी संघ से शरद दुबे,संजय शर्मा, शशिभूषण मोहंती, रोहित बंजारे,वामन राव, रीता चतुर्वेदी, कृष्णा देशमुख, नवीन साहू, हेमचंद बंजारे, सागर दुबे, अर्पित द्विवेदी,प्रेम, लोकेश बया, विश्वजीत सेनगुप्ता, चंद्रकला, नीति लता विश्वकर्मा, सुनीता पहुंरकर, शशिकांता तोमर, सृष्टि,अजय शुक्ला, आदि उपस्थित थे।

**निगम का एक्ट का उल्लंघन**

कमिश्नर एक बार फिर से नगर पालिक निगम अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आए। दरअसल, विशेष सामान्य सभा की बैठक में संक्षेपिका पहले दी जाती है। एक्ट में इस बात का साफ-साफ जिक्र है कि निगम सचिव द्वारा एक सप्ताह पहले संक्षेपिका दी जाती है। मगर कमिश्नर की ओर से यह उपलब्ध नहीं कराया गया। मैंने जनहित का मुद्दा उठाया।

**- दया सिंह**, उपनेता प्रतिपक्ष

**अपमान बर्दाश्त नहीं**

संक्षेपिका को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह द्वारा सभापति के माध्यम से बात रखी जानी थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनकी बात का कांग्रेस पार्षद समर्थन किया। महापौर ने इसी का फायदा उठाते हुए संदन स्थगित करा दी। इस बात को मैंने उपनेता प्रतिपक्ष से कहा। जिससे विवाद कर उनके द्वारा अपमानजनक बातें कहीं गई।

**-भोजराज सिन्हा**, उपनेता प्रतिपक्ष

**संगठन लेगा संज्ञान**

बजट को लेकर सभी भाजपाई पार्षदों की बैठक लेकर निर्देश दिए थे कि मुद्दों पर सार्थक चर्चा करें। नेता प्रतिपक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष के बीच किसी विषय पर बहस होने की जानकारी है। संगठन इसे संज्ञान में लेगा।

**-पुरूषोत्तम देवांगन**, जिलाध्यक्ष भाजपा

# टाउनशिप की अनुपयोगी जमीन पर रिकेश ने दिया पीएम आवास का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दिल्ली में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के वर्तमान केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर भिलाई टाउनशिप में प्रधानमंत्री आवास को लेकर सार्थक चर्चा की है। श्री सेन ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र की खाली जमीन पर वर्षों से लगातार अतिक्रमण होते रहे हैं, पिछले कुछ वर्षों में टाउनशिप के कई मकान और बिल्डिंग डिस्मेंटल होने से प्रभावित क्षेत्र में लोगों की आवाजाही लगातार घटने से यहां के मार्केट भी उजड़ते जा रहे हैं। ऐसे खंडहरनुमा आवासों और रिक्त भूमि को अतिक्रमण से बचाने तथा प्रभावित सेक्टर की रौनक को बनाए रखना बेहद जरूरी है। वर्तमान में डिस्मेंटल बिल्डिंग और वर्षों से खाली जमीन पर सेल मैनेजमेंट की कोई निर्माण योजना न होने से बीएसपी को ऐसी जगहों को अतिक्रमण से बचाने और कब्जेधारियों को बेदखल करने अतिरिक्त बल और श्रम लगाना पड़ता है। अगर ऐसी रिक्त और अनुपयोगी भूमि का उपयोग केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कर सके तो आवासहीन हजारों परिवारों को जहां आश्रय मिलेगा वहीं टाउनशिप के मार्केट की रौनक भी बढ़ेगी। श्री खट्टर ने विस्तार से विधायक सेन के इस प्रस्ताव पर चर्चा कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी भी ली है। उन्होंने शहरी कार्य विभाग से प्रोजेक्ट तैयार कर केंद्रीय इस्पात मंत्री और सेल से मीटिंग कर इस विषय पर सार्थक पहल का आश्वासन दिया।



■ दिल्ली में आवास और शहरी कार्य मंत्री खट्टर से विधायक सेन ने की चर्चा

### आम रास्ता बंद होने से नागरिक हो रहे परेशान



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के चिंगरी पारा सुपेला में कमला मेडिकल के पीछे स्थित लकड़ी टाल के मालिक ने लकड़ियों का भंडारण कर आम रास्ता बंद कर दिया है। आम रास्ता बंद होने से आम नागरिकों में बेहद नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों ने निगम कमिश्नर राजीव कुमार पांडेय को ज्ञापन देकर लकड़ियों को जब्त अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भी नागरिकों की मांग का समर्थन करते हुए रास्ता साफ करने कमिश्नर से कहां है।

### तीन साल का कार्यकाल हुआ पूरा, नपा से बातचीत

# करोड़ों के डिजिटल लाइब्रेरी से छात्रों का होगा भविष्य उज्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नगर पालिका परिषद जामुल में करोड़ों रुपए से डिजिटल लाइब्रेरी बनने वाला है। इससे क्षेत्र के चार सौ बच्चों का भविष्य उज्वल होगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया होने वाला है। नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर ने अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर हरिभूमि को बताया। ग्रामीण परिवेश में आने के कारण बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए काफी दिक्कतों और बाहर जाना पड़ता है।अब डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से जामुल पालिका क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। इसके लिए अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा का बड़ा सहयोग रहा है। उनकी ही बदौलत है कि जामुल के लिए करोड़ों रुपए का डिजिटल लाइब्रेरी खुलने वाला है। वार्ड 18 शिवपुरी में कालेज के पास ही यह लाइब्रेरी के लिए जगह दिया गया है। इसके खुलने से कई युवाओं के लिए यह वरदान साबित होगा। श्री ठाकुर ने बताया कि अपने कार्यकाल में नहर नाली वाली लाखों रुपए का सड़क निर्माण किया गया। 50 बिस्तर वाला अस्पताल भी यहां बनने वाला है। जिससे यहां के लोगों को दिक्कतों से निजात मिल पाएगी।

### डेढ़ करोड़ से सर्वमांगलिक भवन भी

शादी समारोह के लिए जामुल के लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके मद्देनजर नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर ने वार्ड 16 में 1.5 करोड़ रुपए की लागत से सर्वमांगलिक भवन का निर्माण किया जाना है। इसमें बड़े महानगरों की तर्ज पर मंगल भवन से लैस होगा। अब दूसरे जगह शादी समारोह करने के लिए जामुलवासियों को जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सर्वमांगलिक भवन में सारी सुविधा एक ही जगह पर मिलेगी।

### रिसाली निगम में एमआईसी ने पास किए एजेंडे

# एसटीपी निर्माण, कचरे से खाद बनाने सहित कई मुद्दे मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक हुई। रिसाली निगम का बजट अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में सदन में रखने का निर्णय लिया गया। महापौर शशि ने परिषद के सदस्यों और आयुक्त मोनिका वर्मा के साथ लगभग दो घंटे तक बजट संबंधी चर्चा की। साथ ही बजट में पार्षद द्वारा आमंत्रित सुझाव को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया।

शुक्रवार की दोपहर बाद महापौर परिषद के सदस्यों ने 2025-26 के बजट को लेकर निगम के अधिकारियों से चर्चा की। परिषद के सदस्यों ने चर्चा और मंत्रणा के बाद सभापति केशव बंछोर से चर्चा की। बजट के लिए सामान्य सभा अप्रैल प्रथम सप्ताह में बुलाने सहमति बनी। महापौर ने रिसाली निगम के सभी पार्षदों से बजट के लिए सुझाव मांगे थे। उन्होंने निर्धारित समय अवधी में प्राप्त सुझावों और विकास कार्यों को आगामी वर्ष के लिए तैयार बजट में शामिल करने के निर्देश दिए। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, ममता यादव, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन, निगम सचिव अश्वनी देशमुख सहित विभाग प्रमुख, अभियंता उपस्थित थे।

### महापौर परिषद ने यह भी निर्णय लिया

- अम्बेडकर स्कूल से सीआईसीएफ बटालियन नेवई तक विद्युतीकरण करने निविदा एवं दर को स्वीकृत किया।
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटरों से पुनर्चकित किए जाने योग्य कचरे के पृथकीकरण एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने के कार्य के लिए दर का अनुमोदन किया।
- वार्ड क्र. 08 में पेवर ब्लाक लगाने के कार्य की स्वीकृति। (स्थल परिवर्तन)
- पुरैना में नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति।
- जोरातराई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य के लिए दर को स्वीकृति।
- तालपुरी में एसटीपी के रख रखाव के लिए दर स्वीकृति।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

## खबर संक्षेप



### साईंस कालेज में आज विज्ञान मेला का आयोजन

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में छत्तीसगढ़ कौसिंल ऑफ साईंस एण्ड टेक्नालॉजी रायपुर द्वारा प्रायोजित साईंस डे का आयोजन 29 मार्च को प्रातः 11 बजे से महाविद्यालय के ग्रंथालय भवन के प्रथम तल पर स्थित टैगोर हॉल में किया जायेगा। समिति की संयोजक डॉ. जगजीत कौर सलूजा एवं सह संयोजक डॉ. कुसुमांजलि देशमुख ने बताया कि विज्ञान के मूलभूत सिध्दांतों पर आधारित मॉडल्स का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों से विद्यार्थी करेंगे। अब तक आयोजन समिति को लगभग 100 टीमों के शामिल होने की प्रविष्टि प्राप्त हो चुकी है, इनमें पंखाजूर, रायपुर, बालोद, पाटन, कांकेर, बेमेतरा, राजनांदगांव आदि जगह शामिल है। 6 वर्गों में विभक्त इस मॉडल प्रदर्शनी के श्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साईंस फेयर के साथ-साथ विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु आनंद मेले का भी आयोजन किया गया है।

### मटंग में ज्योति कलश की स्थापना 30 को

दुर्ग। डॉ. हरिशचन्द्र साहू द्वारा 51ज्योति कलश की स्थापना विगत 5 वर्षो से ग्राम-मटंग में किया जा रहा है। जहा ज्योति कलश के स्थापना 30 अप्रैल को की जाएगी, वही माता का देवी श्रृंगार पंचमी 02 अप्रैल को किया जाएगा। अष्टमी हवन और ज्योति कलश का विसर्जन 6 अप्रैल को किया जायेगा। जहा विसर्जन के दौरान दुर्ग संसद विजय बघेल शामिल होंगे। साथ ही गांव के बाहर से आये लोगों के लिए भोजन प्रसाद व टहरने की व्यवस्था भी किया गया है।

### विश्व जल दिवस मनाया गया




दुर्ग। शहर के उरला सांई नगर के ओलंपिक उद्यान में जल संरक्षण रैली निकालकर व पेयजल जल बचाओ आंदोलन का शुभारंभ कर विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.विश्वनाथ पाणिग्रही व धीरज लाल टांक रहें। जिन्होंने नागरिकों को आवश्यक बातें व जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया। इसी तरह साइंस कॉलेज दुर्ग के व्याख्याता निखिल देशलहरा तथा एमएसडब्ल्यू विद्यार्थी दुर्गेश साहू योगेश कुमार, कामेश, अभिषेक महिमा परगनिहा, समृद्धि ठाकुर, नवीन, अर्पणा ताम्रकार, चित्रकला साहू व शुभम आदि उपस्थित रहे। हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्य सुरेश कसेर, विनीत चौरे, नाजमीन खान, जया पांडे, हेमलता वाहने, हंसराज गजभिए, सुशीला गजभिए, प्रेम चंद्राकर, टाकलू गोंड व समाजसेवी जयवर्धन की उल्लेखनीय योगदान रहा।

# आनन-फानन में खेल, भरी गर्मी में बच्चे खेलेंगे फुगड़ी और गेड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एकतरफ जहां भीषण गर्मी को देखते हुए पालकजन बच्चों की स्कूल टाइमिंग में बदलाए किए जाने की मांग कर रहे है। इस बीच खेल विभाग ने नन्हें बच्चों पर सितम ढा दिया हैं और दो दिन के अंदर गिल्ली, डंडा, फुगडी, भौरा खेलाने का आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए 29 मार्च को पंजीयन करने आधार कार्ड और मोबाइल नंबर मांगे गए हैं। वही तीस और 31 मार्च को प्रतियोगिता के निपटाने का भी ऐलान कर दिया गया हैं।

अलग खबर

पूरे साल नींद में सोए रहे खेल विभाग के इस फैसले को लेकर नाराजगी सामने आ रही है। परिजनों का कहना है कि, गर्मी में भला कोई खेल का आयोजन करता है क्या। खेल विभाग के इस आदेश के वाइरल होने के बाद तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। सूत्रों ने बताया कि, वित्तिय वर्ष के तहत बजट की राशि 31 मार्च के पहले खत्म करना है। अन्यथा यह राशि लेप्स हो जाएगी। ऐसा लगता है कि, इसी कारण से विभाग ने आनन फानन में आदेश जारी कर दो दिन के अंदर खेल कराने का फैसला ले लिया है। बकायदा इसके लिए जगह और प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी गई हैं।

## अचानक विभाग ने जारी किया आदेश, दो दिन के अंदर प्रतियोगिता

### नौ साल के बच्चे गर्मी में खेलेगें

भीषण गर्मी में परिजन बच्चों को बेवजह घर से बाहर निकलने नही दे रहे है। वहीं विभाग महज नौ साल से लेकर चालीस साल तक के लोगों से खेल कराने में उतारू हैं। छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विकाखण्ड एवं जिला स्तरीय छ.ग. खेल महोत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में रस्साकसी, फुगड़ी, गेंड़ी, भौरा, लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, संखली का खेल शामिल है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए आयु वर्ग 9 से 14, 14 से 19 और 19 से 40 वर्ष तक महिला एवं पुरूष प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। खेल में शामिल होने के लिए इच्छुक खिलाड़ी पंजीयन के लिए आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर के साथ अपने ब्लाक के आयोजन स्थल पर पहुंचेंगे।

### दो दिन में प्रतियोगिता निपटाने का आदेश

जानकारी अनुसार यह आयोजन विकासखण्ड पाटन के खेल मैदान मर्रा पाटन में 30 मार्च 2025 को प्रातः 8 बजे रखी गई है। जिसका प्रभारी भरत लाल ताम्रकार होंगे। इसी तरह जिला स्तरीय कार्यक्रम खेल मैदान मर्रा पाटन में 31 मार्च 2025 को प्रातः 8 बजे रखी गई है। जिसका प्रभारी भरत लाल ताम्रकार होंगे। विकाखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय आयोजन में भाग लेंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग से दस पीटीआई की आनन फानन में नियुक्ति भी कर दी गई हैं।

## बजट: महापौर ने किया 519 करोड़ का बजट पेश, सुझाव के साथ सर्वसम्मति से पारित

# स्पैरो कंपनी पर कराएंगे एफआईआर शहर को करेंगे अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2025-26 के लिए महापौर अल्का बाघमार ने नगरनिगम सदन में 519 करोड 52 लाख रूपए का अनुमानित बजट पेश किया हैं। बजट चर्चा के बाद पार्षदों के सुझाव को शामिल कर संसोधन के साथ सर्वसम्मति से बजट पारित किया गया। सत्तापक्ष ने सदन में दो बडे फैसले लिए है। जिसमें लोगों को रसीद दिए बगैर टैक्स वसूलने वाले स्पैरों कंपनी पर एफआईआर निगम कराएगी, वही अतिक्रमण पर जीरो टालरेंस नीति लागू किए जाने का ऐलान किया गया हैं। चाहे वे अपने क्यो न हो अतिक्रमण पर सीधे कार्यवाही होगी।

वित्त विभाग के प्रभारी नरेन्द्र बंजारे ने कहा अतिक्रमण हटने से शहर में क्रांति आएगी। इधर ऐसा पहली बार हुआ है कि, सदन में शांतिपूर्ण तरीके से सामान्य सभा का न सिर्फ संचालन हुआ, बल्कि पूरे दौर में विपक्ष ने भी सत्तापक्ष का ध्यान रखा और चू तक नही किया। अल्का बाघमार के महापौर बनने के बाद उनका पहला बजट था। उन्होने 519 करोड 52 लाख रूपए का आय के बजट पेश किया हैं। वहीं 519 करोड 57 लाख बीस हजार व्यय बताया है। इस हिसाब से 4 लाख 95 रूपए का नुकसान का बजट पेश हुआ हैं। उन्होने न सिर्फ सत्तापक्ष बल्कि विपक्ष के पार्षदो से सुझाव लेकर उन्हें अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया गया। अंत में सत्ता और विपक्षीय पार्षदों के फैसले के अनुसार सर्वसम्मति से सुझाव शामिल करते हुए बजट अंगीकृत कर लिया गया। महापौर ने कहा कि हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे को ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। जिससे शहर में विकास की रफ्तार तेज होगी और जनता को अधिकाधिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार के बावजूद महापौर अलका बाघमार घाटे के बजट पर विपक्षी कांग्रेस ने सत्तापक्ष भाजपा को सदन में घेरने का प्रयास किया।

## एमआईसी के बाद सदन में बजट को किया गया अंगीकृत, सर्वसम्मति से पारित



### नेता प्रतिपक्ष ने कहा कोरी कल्पना, वर्मा ने गिनाई सदन में खामियां

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कांग्रेस के पूर्व परिषद् के बजट के आंकड़े को बदलकर जल्दबाजी में यह बजट पेश कर दिया। जल्दबाजी में प्रस्तुत इस बजट का शहरवासियों को लाभ नहीं मिलेगा, हांलाकि बाद में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। पूर्व महापौर व वरिष्ठ पार्षद आरएन वर्मा ने बजट में कई खामियां गिनाई। उन्होने मेयर की तारीफ करने के साथ ही बजट पर कहा निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद घाटे का बजट पेश किया जाना समझ से परे है। बजट पर चर्चा के लिए वित्त प्रभारी नरेन्द्र बंजारे, कांग्रेस पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, निर्दलीय पार्षद अजीत वैद्य, प्रकाश गीते व अन्य पार्षदों ने अपनी बात रखी। इस बीच हल्की नोंकझोंक भी होते रही।

### मनमानी जलकर लेने की जांच करेंगे कमेटी

सामान्य सभा में पार्षदों के सुझाव भी शामिल किए गए है। जिसमें डाग हाउस बनाने, चर्च के पास संविधान चौक, आरएन वर्मा ने विभागों में 25 फीसदी राशि गरीबों के पक्ष में प्रावधान करने का सुझाव दिया। पार्षद प्रकाश गीते ने कहा हाकी क्लब की तरह कबड्डी प्रतियोगिता भी हो। पार्षद सोजन जोसेफ ने सडको के गड्डे भरने का प्रावधान करने व नदी रोड मुक्तिधाम सडक का जल्द निर्माण करने की मांग पर मेयर ने कहा काम धीमी हो रही हैं। ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेट किया जाएगा। इसके आलावा एक साथ तीन साल का जलकर लेने के मामले में जांच करने वित्त प्रभारी ने कमेटी गठित करने का ऐलान किया और टैक्स लेने दबाव नही बनाने के लिए सभापति श्याम शर्मा ने निर्देशित किया।

### कुंडले ने कहा आयुक्त फोन नहीं उठाते

पार्षद भास्कर कुंडले ने कहा नगरनिगम आयुक्त कभी भी फोन नही उठाते हैं। उन्होने भरे सदन में बताया कि, आम लोगों की शिकायत पर जब मैने कोशिश किया तो सुबह से शाम तक लगाता रहा। लेकिन वे फोन नही उठाए। इस पर सभापति ने कहा कल ही महापौर ने आयुक्त को न सिर्फ साठ पार्षद बल्कि आम जनता का भी फोन रिसिव करने के निर्देश दिए हैं। कुंडले ने कहा ऐसा पहले आयुक्त जो फोन नही उठाते, इससे पहले बर्मन व सुंदरानी जैसे आयुक्त रहे, जो सीधे आम लोगों से संपर्क में रहते थे।

### सभापति के हाथों रही कमान

सामान्य सभा की पूरी कमान सभापति श्याम शर्मा ने शुरू से आखिरी तक अपने हाथों रखी। उनके निर्देश पर मेयर ने बजट पेश किया और उनके अनुमति पर ही न सिर्फ मेयर और पार्षद सभी ने अपनी बाते रखी। ऐसा पहली बार हुआ कि, आंसदी तक एक भी पार्षद नाराज होकर नही पहुंचे। सभापति ने पार्टी से उपर उठकर निर्देशित भी किए। उन्होने बजट मे शामिल सभी बिन्दुओं को लागू करने की नसीहत भी दी। वहीं वित्त प्रभारी नरेन्द्र बंजारे भी नामांतरण नही कराने पर पैनाल्टी सहित निगम के कई कार्यों पर सवाल उठाए। पार्षद अजीत वैद्य ने निगम प्रशासन द्वारा टैक्स, अनुज्ञा की राशि नही भरने पर बीपीएल कार्ड नही बनने जैसे निकाले गए आदेश को लेक घेराव किया।

### बीच-बीच में लाइट बंद होने से अव्यवस्था

बजट बैठक के बीच में बिजली चली जाने से निगम की फजीहत हो गई। आरएन वर्मा के भाषण के दौरान तीन बार बिजली गई। वही जब बिजली आई तो अचानक राष्ट्रगान शुरू हो गया, अफसर और जनता हडबडा गए और सीधे खडे हो गए थे। इस बीच बजट पुस्तिका के वितरण में खामी होने पर नाराजगी भी दिखी।

### मल्टीलेवल पार्किंग, मार्गों का होगा चौड़ीकरण

महापौर अलका बाघमार द्वारा पेश किए गए बजट में शहर विकास के लिए विभागवार प्रावधान किए गए है। जिसमें प्रमुख मार्ग, नाली एवं 10 एसएलआरएम सेंटर निर्माण हेतु 25 करोड़, अमृत मिशन अंतर्गत एसटीपी प्लांट स्थापना कार्य हेतु 60 करोड़, नगर उत्थान योजना के तहत प्रमुख मार्गो का निर्माण एवं विकास कार्य हेतु 25 करोड़, मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत सांईस कॉलेज से स्टेशन तक केनाल रोड निर्माण हेतु 5.50 करोड़, इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण हेतु 05 करोड़, सिकोल नाला सुदृढिकरण कार्य हेतु 01 करोड़, अटल परिसर निर्माण हेतु 01 करोड़, मुख्यमंत्री पालिका बाजार योजना शनिचरी बाजार हेतु 01 करोड़,भक्तिपथ निर्माण हेतु 01 करोड़, सेनेटरी लैंड फिल्ड का विकास हेतु 1 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी, बीएलसी हेतु 18 करोड़,रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना हेतु 25 लाख, नालंदा परिसर निर्माण हेतु 5 करोड़, सरोवर धरोहर योजना तालाब सौंदर्याकरण हेतु 6 करोड़, पुलगांव में डीडीआरसी एवं वृद्धाश्रम निर्माण हेतु 4 करोड़, प्रमुख मार्ग चौड़ीकरण एवं चौराहो का सौंदर्याकरण हेतु 8 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के तहत पे एंड यूज शौचालय हेतु 5 करोड़, सिंचाई विभाग को नहरी पानी का भुगतान हेतु 4 करोड़, सांसद निधि 50 लाख, विधायक निधि 3 करोड़, महापौर निधि 1.125 करोड़, पार्षद निधि एवं एल्डरमेन निधि 4.05 करोड़, निगम कार्यालय भवन हेतु 2 करोड़, पाईपलाईन विस्तार एवं शिफ्टिंग हेतु 2 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## ईद से पहले गुलजार हुआ बाजार, उमड़ रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ईद-उल-फितर का पर्व चांद दिखने पर 31 मार्च को मनाया जाएगा। इधर ईद की तैयारी को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह नजर आ रहा है। वहीं ईद पर्व पर घरों में बनने वाली सेवईयों का बाजार भी सज गया है। रंग-बिरंगी सेवईयों की जमकर खरीदी की जा रही है। ईद पर्व को लेकर शहर के विभिन्न मस्जिदों में भी लाईटिंग के जरिये आकर्षक सजावट की गई है।

माहे रमजान की विदाई के इस दौर में शहर की तमाम मस्जिदों और घरों में खास इबादत का सिलसिला चल रहा है। माहे रमजान का आखिरी जुमा 28 मार्च को हुआ। जिसमें जुमे की नमाज में दोपहर में बड़ी तादाद में लोग मस्जिदों में जुटे रहे। रमजान महीने के 29 या 30 रोजे पूरे होने के बाद ईद का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व ईद का चांद दिखने के बाद मनाने का रिवाज है। ईद के मौके पर शहर के ईदगाह में विशेष नमाज अदा कर मुस्लिम समाज द्वारा देश की तरक्की और अमन की दुआ मांगी जाती है।

### पोटिया में 2 जगह बनेगा भवन विधायक ने किया भूमिपूजन

दुर्ग। विधायक गजेन्द्र यादव ने पोटियाकला वार्ड 54 में पार्षद एवं नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किये। इस दौरान नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण भी हुआ। विधायक ने वार्ड में 20-20 लाख की लागत से बनने वाले दो भवन की सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग संवर रहा है, राज्य सरकार दुगुनी गति से प्रदेश को विकास की दिशा में आगे ले जा रही है, यह आप सभी के, भाजपा के ऊपर विश्वास का परिणाम है। वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड 54 पोटियाकला के निवासियों ने विधायक से वार्ड में विकास कार्य के लिए आग्रह किये थे। दुर्ग शहर के 6 स्थानो पर किसान भवन बनाया जाना है। इसी कड़ी में किसानों व वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन हुआ। लगभग 20 लाख की लागत से बनने वाले किसान भवन में बड़ा हॉल एवं कक्ष रहेगा, जहाँ किसानो के बैठने उठने के लिए उपयुक्त स्थल मिलेगा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, पार्षद हीरोंदी चंदानीया, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, शिवेंद्र परिहार, साजन जोसफ, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, दशरथ निर्मलकर, ठाकेश साहू, भूपेंद्र साहू, भोजराम यादव सहित बड़ी संख्या वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।



### गिरहोला के सचिव को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशों के तहत जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे द्वारा अंजना बंजारे निवासी ग्राम गिरहोला ब्लाक धमधा को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अस्थायी रूप से शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान 3500-10000 प्लस ग्रेड वेतन 1100 पर निर्धारित नियम शर्तो के अधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। साथ ही सीईओ जपं. धमधा के विवेक पर आगामी आदेश पर्यन्त तक अस्थायी रूप से पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो कि श्रीमती बंजारे ग्राम पंचायत सचिव जनपद पंचायत धमधा का 16 दिसम्बर 2021 को आकस्मिक निधन हुआ था।

## भिलाई निगम की पाइप लाइन लिकेज, दुर्ग नगर निगम को कोस रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ भिलाई के अधिकारियों ने मरम्मत करने मांगा समय

गंजपारा पुरानी गंज मंडी के सामने मुख्य मार्ग में पर शिवनाथ नदी इंटकवेल से भिलाई नगर निगम फिल्टर प्लांट जाने वाली सप्लाई लाईन विगत कई दिनों से लिकेज है, लेकिन लोग इसके लिए दुर्ग निगम को कोश रहे थे। शंका दूर करने भिलाई के अधिकारी शुक्रवार को मौके पर पहुंचे।महापौर अलका बाघमार व जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की पहल पर दुर्ग नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा भिलाई निगम आयुक्त को पत्र लिखकर लिकेज मरम्मत कराने अवगत कराया गया था। जिसके पश्चात आज भिलाई निगम के अधिकारियों ने दुर्ग पहुंचकर लीकेज स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान दुर्ग निगम के जलघर के अधिकारी सब इंजीनियर मोहित मरकाम, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर उपस्थित थे। भिलाई निगम के लिए शिवनाथ नदी से जाने वाली राइजिंग लाईन गंज पारा हनुमान मंदिर के सामने मुख्यमार्ग में विगत 15 दिनो से लीकेज है, जिसकी शिकायत गलत फहमी में लोग दुर्ग निगम में कर रहे है।



## मनरेगा कर्मचारियों ने रखी शासन के समक्ष चार सूत्रीय मांग

# कामकाज ठप, जिले के सचिव 11 दिन से हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ आज से मनरेगा कर्मी लौटेंगे, सचिव डटे

ग्राम पंचायत सचिव के हडताल को 11 दिन गुजर गए है। अपनी मांगों को लेकर वे अभी भी हडताल पर है। ऐसे में ग्राम पंचायतों का कामकाज ढप हो गया हैं। इधर मनरेगा कर्मियों ने भी अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया था। हांलाकि 26 मार्च से चल रहे उनका आंदोलन समाप्त हो गया और वे 29 मार्च को वापस लौट रहे है। इधर सचिव संघ डटे हुए हैं।

जिले के सचिव नियमितिकरण को लेकर जिला पंचायत कार्यालय के सामने विगत 11 दिन से हडताल पर डटे है। लेकिन अब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नही हुई हैं। इधर छग मनरेगा कर्मचारी महासंघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध ताम्रकार का कहना है कि, विगत चार-पांच माह से मनरेगा कर्मियों (अधिकारी/कर्मचारी/ ग्राम रोजगार सहायकों) का वेतन भुगतान आज तक लंबित है। तद्संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मनरेगा कर्मियों की सेवा सुरक्षा हेतु मानव संसाधन नीति लागू करने की मांग की थी। कर्मियों ने बताया कि 29 से काम पर लौटेंगे।



### आदेश की प्रतियां भी जलाई

कार्य पर वापस लौटने के शासन के निर्देश को विगत दिनों सचिवो ने आग के हवाले कर दिया था। जानकारी अनुसार पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। 18 मार्च से जारी इस आंदोलन के कारण ग्राम पंचायतों के जनहित कार्य ठप हो गए हैं। संघ का कहना है कि, जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ऐसा बताया जा रहा है कि, 1 अप्रैल को प्रदेशभर के पंचायत सचिव मंत्रालय का घेराव करेंगे।

### मनरेगा कर्मियों की ये है प्रमुख मांगे

मनरेगा कर्मियों का कहना है कि नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक मनरेगा कर्मियों के सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु मानव संसाधन नीति तत्काल लागू किया जाए। पूर्व में किये गये हड़ताल अवधि का वेतन मानदेय तत्काल प्रदान करें। विगत 4-5 माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए तथा प्रतिमाह 1 से 5 तारीख के मध्य वेतन, मानदेय भुगतान हो। साथ ही उपरोक्त मांग पूरी होने तक मनरेगा कर्मियों से केन्द्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाए।

## सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर नवनिर्माण समिति के कार्यकारिणी की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वप्रेरणा से मंदिर निर्माण हेतु राशि देने का प्रस्ताव पारित किया गया। आगामी 4 अप्रैल को विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान द्वारा भगवान श्री बजरंगबली की मूर्ति के प्रतिस्थापन का प्रस्ताव पारित किया गया ताकि जर्जर मंदिर के नव निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा सके। बैठक में विजय अग्रवाल, संतोष गोलछा, सुधीर अग्रवाल, हितेश पटेल, कांति पारख, अनूप गटागट, पार्षद मनोज सोनी, पूर्व पार्षद श्रीमती मीना सिंह, राजेश सिंह, विजय जलकारे, राजेश शुक्ला, बीडी यादव, संदीप मानापुरे, मूलचंद साहू , अजय गुप्ता, गणेश राव, राहुल परिहार, निजाम भाई, आशीष चांदेकर, श्रीमती पिंदरबल एवं पंडित अशोक शास्त्री मौजूद रहे।

### आम-सूचना

मैं अपने पक्षकारा श्रीमती सुजाता सिकदार पति सुभाष चंद सिकदार निवासी फ्लैट न. 57, कोटा रोड श्री कृष्ण लैंडमार्क रायपुर (छ.ग.) 492011 मो. न. 9329703360, की ओर से प्राप्त अधिकारों एवं निर्देशों से यह आम-सूचना प्रकाशित कर रहा हूं कि मेरे पक्षकारा के द्वारा श्री घनश्याम कुमार पटेल, अखिलेश्वर, अंजनी बाई पिसरान भुवन लाल, आशा पति धर्मेन्द्र, रेखा पति राजेश के नाम से दर्ज भूमि वाके मौजा कापसी प.ह.न. 5, रानिम. अमलेश्वर, तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 391 रकबा 0.32 हे. के भाग कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याने की राशि विक्रेतागण को अदा कर दी गई है सिर्फ रजिष्ट्री पंजीयन शेष है निकट भविष्य में उक्त भूमि का रजिष्ट्री पंजीयन मेरे पक्षकारा या उनके वारिसानो या अन्य के नाम पर होगी।

अतः उपरोक्त आम सूचना के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम-सूचना के प्रकाशन के 7 मेरे कार्यालयीन दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे।

07 दिवस के पश्चात आपत्ति शून्य मानी जावेगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।

स्थान-पाटन
दिनांक- 28.03.2025

भवदीय
रेखराम साहू
अधिवक्ता
सिविल कोर्ट पाटन
मो. नं.- 7987550510
9981072519

# तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर में शिव की शक्ति वीरभद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## महायज्ञ की तैयारी पूर्ण हुई, प्रति दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दी जाएगी यज्ञाहुति







तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जयशक्ति आश्रम ग्राम निकुम संत श्री माताजी निवास में एक और बड़ा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा। वीरभद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण तैयारी की जा चुकी है। जिसमें प्रति दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संत श्री माताजी द्वारा मंत्रोच्चार किया जाएगा व सम्पूर्ण श्रद्धालु अपनी मनोकामना को पूरा करने की प्रार्थना के साथ यज्ञ कुंड में यज्ञाहुति प्रदान करेंगे।

वीरभद्र मंदिर निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें भगवान वीरभद्र के साथ-साथ गणपति जी व महाप्रभु हनुमान जी भी विराजीत है। मंदिर प्रांगण का मनोरम दृश्य देखते ही बनता है बहुत ही आकर्षक है जिसके मुख्य गुंबद में शंख कलश रूप में विद्यमान है संत श्री माता जी द्वारा स्वयं ही अपने कल्पना को मूर्त रूप प्रदान किया है। भगवान शिव के अवतार ही नहीं वरन शिव की शक्ति है वीरभद्र।

संत श्री माताजी ने बताया कि वीरभद्र को शिव का अंशावतार माना गया है। भगवान शिव के वीरभद्र अवतार ने न केवल राजा दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर दिया बल्कि दक्ष का सिर काटकर शिवजी के समक्ष रख दिया लेकिन ऋषि-मुनि और देवताओं की विनती करने पर शिवजी ने राजा दक्ष के सिर पर बकरे का सिर लगाकर उन्हे जीवनदान दे दिया। शिव से उत्पन्न होने के कारण वीरभद्र को शिव की शक्ति व अंशावतार माना गया है। महायज्ञ के लिए बाजे-गाजे के साथ थनौद के मुर्तिकारों द्वारा बनाये गये मुर्तियों को मंदिर परिसर के यज्ञ स्थल पर लाकर विराजमान किया गया। जिसमें क्रेन की सहायता से वीरभद्र की मुर्ति को उनके स्थान पर विराजीत किया गया है। हजारों की संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिमय वातावरण में बहुत हो जोशो-खरोस से मुर्ति आगमन का स्वागत किया गया। क्रमशः

## खबर संक्षेप

### कुथरेल में वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** स्व. चरणलाल देशमुख की स्मृति में कुथरेल प्रीमियम लीग वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कुथरेल में 29 एवं 30 मार्च को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, अध्यक्षता लोमश चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग, विशेष अतिथि श्याम शर्मा सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, गीता गजपाल सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल, लोकनाथ साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल, प्रदीप चंद्राकर पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग आदि होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8001 रू. एवं विनर कप, व्दितीय 5001 रू. एवं विनर कप लोमश रिन्कू चन्द्राकर जनपद सदस्य द्वारा दिया जा रहा है। यह जानकारी क्षेत्र के जनपद सदस्य लोमश चन्द्राकर ने दी।

### परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती परसदा में आज

**अंडा।** परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह ग्राम परसदा परिक्षेत्र आटेबंद में 29 मार्च को भक्त माता कर्मा की जयंती परिक्षेत्रीय साहू समाज के तत्वावधान में मनाया जाएगा। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से कलश एवं शोभायात्रा दोपहर 12 बजे से माता कर्मा पूजा अर्चना, दोपहर 1 बजे से अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, दिया के अंजोर जस झांकी एवं फाग मंडली पेंड्री कलंगपुर की प्रस्तुति 3 बजे से किया जाएगा। परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगण संरक्षक ओमप्रकाश साहू सकरौद, बलराम साहू धर्मी, अध्यक्ष मोती कुमार लाल साहू गुरेदा, उपाध्यक्ष छन्नुलाल साहू ओटेबंद, कोषाध्यक्ष भीषम लाल साहू डौकीडीह, उपकोषाध्यक्ष बालगोविंद साहू सिरसिदा, सचिव ललित कुमार साहू देवरी ख, सहसचिव बीरेंद्र कुमार साहू डगनिया, प्रचारमंत्री धनाराम साहू अर्जुनी आदि होंगे।


### कलेक्टर, आबकारी अधिकारी, विधायक सहित अन्य अधिकारियों से अपील

# भरदा में शराब भट्ठी खोले जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

## भरदा है त्रिवेणी संगम स्थल व आस्था का है केंद्र

ग्राम पंचायत भरदा, विखं व जिला दुर्ग के निवासियों को ग्राम पंचायत भरदा के क्षेत्र में नवीन शराब भट्टी खोले जाने की स्पष्ट सूचना ग्रामीणों को प्राप्त हुई है। चूंकि ग्राम भरदा त्रिवेणी संगम पर बसा हुआ है व आस्था का केन्द्र हैं। यहाँ पर महाशिवरात्रि के पर्व पर भव्य मेला का आयोजन 69 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त त्रिवेणी संगम में जो कि हम समस्त हिन्दुओं के आस्था का केन्द्र है एवं शोक कार्यक्रम से संबंधित कार्य एवं पूजा-पाठ का आयोजन लगातार होते आ रहा है। यहां पर बच्चों के मुण्डन संस्कार भी किया जाता है। साथ ही सामाजिक कार्यक्रम सहित विविध आयोजन त्रिवेणी संगम स्थल पर होते आ रहा है। वर्षों से पर्यटन स्थल के रूप में त्रिवेणी संगम जिले का एक मात्र प्राकृतिक सौन्दर्य का स्थान रहा है। उपरोक्त बिन्दुओ का संज्ञान में लेते हुए धार्मिक


ग्राम पंचायत भरदा

एवं पर्यटन केन्द्र ग्राम भरदा में शराब भट्ठी खोलकर ग्रामवासियों एवं आसपास के ग्रामों के आस्था पर प्रहार न किया जाये। यदि शराब भट्ठी खोले जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो समस्त ग्रामवासी एवं आसपास के ग्रामीणों द्वारा शराब भट्ठी का सामूहिक बहिष्कार किया जायेगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसके लिए समस्त ग्रामवासियों ने व्यापक जनहित में ग्राम पंचायत भरदा के अंतर्गत शराब भट्टी नही खोले जाने की अपील की है।

शिकायतकर्ता ग्रामीण जन नोवेश्वर पिपरिया, शांति बाई वार्ड पंच, दानेश्वर, उर्वशी देवदास, मूलचंद, किर्ती, चंद्रिका, देवनाथ देशमुख, बिरजा पंच सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। वहीं नोवेश्वर पिपरिया ने जिला कलेक्टर, आबकारी अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर ये सभी के पास ज्ञापन सौंपा है।

### अनकेश्वर इनोवेटिव टीचर अवार्ड से सम्मानित

**सेलूद।** भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जन्म जयंती महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन रविवार को मंडी प्रांगण, मंगल भवन भाटापारा में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, अशोक जैन अध्यक्ष बलौदा बाजार, अश्वनी शर्मा नपा अध्यक्ष भाटापारा एवं आनंद यादव जिला अध्यक्ष भाजपा भाटापारा के उपस्थिति में पूरे छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट 200 शिक्षको का चयन किया गया जिसमे विकास खंड पाटन के शिक्षक अनकेश्वर महिपाल सहायक शिक्षक शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा भी शामिल रहे। शिक्षक पहले से अपने विकास खंड में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जाने जाते है। शिक्षक अनकेश्वर महिपाल को शिक्षा के क्षेत्र में विभिन प्रकार के नवाचार व एफ एल एन क्रियान्वयन, उत्कृष्ट कार्य के लिए इनोवेटिव टीचर अवार्ड 2025 से जैन समाज के प्रकाश मोदी, सुमनलता जैन अभिषेक मोदी, आदि के हाथो प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य भर से आए शिक्षक, शिक्षिकाएं व जैन समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बासीन में हर्षोल्लास के साथ मनी कर्मा जयंती



**जामगांव आर।** कर्मा जयंती का आयोजन बासीन में पूर्ण हर्षौल्लास के साथ हुआ। शोभायात्रा निकाली गई। समारोह के मुख्य अतिथि जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सोसायटी बटरेल के प्राधिकृत अधिकारी कमलेश साहू थे। आयोजक समिति ने मंचासिन अतिथियों का स्वागत सम्मान किए। मुख्य अतिथि जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि भारत धर्म संस्कार प्रधान देश है।यह ऋषि मुनि तपस्वियों साधकों का देश है। भक्त माता कर्मा ने भक्ति की साधना से भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि अच्छा बनना है तो अच्छे लोगों का संगत करना चाहिए।हम बड़े सौभाग्य शाली है कि माता कर्मा हमारे आराध्य देवी है मां का अनुशरण करे तो निश्चित ही जीवन संवर जाएगा। स्थानीय साहू समाज के सदस्य उपस्थित रहे।माता कर्मा की पूजा अर्चना किए अंत में प्रसाद ग्रहण किए।

■ अच्छा बनना है तो अच्छे लोगों का संगत और स्वाध्याय करना चाहिए : कमलेश

### असुविधा का केंद्र बना धमधा में एचडीएफसी बैंक




**धमधा।** धमधा में इन दिनों एचडीएफसी बैंक में ग्राहकों के लिए बैंकिंग कार्य असुविधापूर्ण हो गया है। पर्याप्त स्टाफ नहीं होना और बैंक के शाखा प्रबंधक का न होना ग्राहकों के लिए सिरदर्द बन चुका है। वहीं पिछले दो-तीन दिनों से लिंक फेल का बात कहा जाता है। किसी भी ग्राहक को लिमिट में पैसे निकालने दिए जाते है कई अन्य बैंकिंग सुविधा नेफ्ट ट्रांसफर, आरटीजीएस ट्रांसफर जैसे सुविधाओं से ग्राहकों को वंचित रखा जाता है। एटीएम है लेकिन उसमें पैसा नहीं होता, ग्राहक जिन्हें प्रतिदिन बैंक से लेनदेन करना होता है और ऐसे असुविधापूर्ण रवैये से ग्राहक परेशान हो गए हैं। वहीं इस मामले की शिकायत और जानकारी देने के लिए बैंक के जोनल अधिकारियों को शिकायत किया जाता है लेकिन उनके द्वारा भी फोन नहीं उठाना जवाब न देने जैसा कार्य किया जाता है। इस बैंक में धमधा नगर एवं आसपास के लोगों का सेविंग और कई व्यापारियों का करंट खाता खुला हुआ है। मार्च के इस माह में जहां पैसों का लेन देन अति आवश्यक होता है। उस समय बैंक में इतनी असुविधा होना खातेदार ग्राहकों से धोखा साबित होता है जिसकी शिकायत आमजनों ने करने की बात कही है। गौरतलब हो कि इसी बैंक में लोन संबंधित कमीशन लेन देन का मामला सामने आया था जिस पर अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं हो पाई है। कई शिकायतकर्ता भटक रहे हैं।

■ नहीं है जवाबदेह अधिकारी, लोगों को हो रही परेशानी

### खम्हरिया में अवंती बाई बलिदान दिवस मनाया

**सेलूद।** अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन खम्हरिया में हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, घनश्याम कौशिक प्रदेश महामंत्री लोधी समाज, कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, दिलीप साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग,राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि रहे। विशेष अतिथि हर्ष लोकमनी चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष अमलेश्वर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, महामंत्री कैलाश यादव, पार्षद आलोक पाल आदि रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की वीरगाथा को याद किया 1857 की लड़ाई में अवंती बाई लोधी ने जो नेतृत्व किया अंग्रेजो के खिलाफ वह समाज के लिए



■ जनपद अध्यक्ष ने की रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा

गौरव की बात है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक ने अपने निधि से लोधी समाज को पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की संगमरमर पत्थर से मूर्ति बनाई जाएगी जिसके लिए उक्त राशि लोधी समाज के लिए समर्पित होगी।

### हनोदा में शहीद वीर दिवस मनाया



**अंडा।** ग्राम हनोदा चौक में शहीद वीर दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में वीर सपूतों के बलिदानों को याद कर करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उनके त्याग बलिदानी और समर्पण, सहयोग, योगदान, हमारे इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में हमेशा हमेशा के लिए अंकित हो गया। जो वर्तमान भारत देश के युवाओं को इतिहास से प्रेरणा लेना चाहिए । तीनों कर्म वीर युवा क्रांतिकारी बहुत कम उम्र के थे जो अपने देश के लिए मर मिटने के लिए समर्पित भावना से पूरे भारत में एक क्रांति का लहर पैदा किये। जिनमें भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु, के बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को इक नई दिशा दी थी। देश के इन्हीं तीन वीर सपूतों के सम्मान में हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचयत हनोदा की सरपंच लक्ष्मी किशोर साहू,उप सरपंच प्रकाश पटेल,भाजपा उतई मंडल सहसंयोजक मिडिल स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र हनोदा विधायक प्रतिनिधि दानेश्वर यादव,भाजपा बूथ अध्यक्ष दिनेश पटेल, बूथ अध्यक्ष एवं पंच दौलत आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### यूनाईटेड रेफ्रिजरेशन एण्ड कार एसी वर्कशॉप में समर सीजन ऑफर




**भिलाई।** यूनाईटेड रेफ्रिजरेशन एण्ड कार एसी वर्कशॉप में चल रहे समर सीजन ऑफर का लाभ उठाईए जहां किसी भी कार में गैस मात्र 800 रुपए में डाला जाता है। कार के एवं घर के एसी की सर्विसिंग जेट पम्प के द्वारा मात्र 500 रुपए में किया जाता है और कार, एसी से संबंधित सभी स्पेयर पार्टस भी उपलब्ध है। इस वर्कशॉप का संचालन गुलजा खान और उनके अनुभवी मैकेनिकों के टीम के द्वारा किया जाता है। जो 1994 से इसी फिल्ड में हो और उन्हे 10 वर्षों के कार्य का अनुभव सउदी अरब का भी है। साथ ही मुम्बई, दिल्ली, नेपाल व पूना जैसी जगहों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेवा का लाभ लेने एवं अधिक जानकारी के लिए यूनाईटेड रेफ्रिजरेशन एण्ड कार एसी वर्कशॉप रायपुर नाका अण्डर ब्रिज के पास मुकुट नगर तितुरडीह रोड दुर्ग में संपर्क करे।

### देव संस्कृति कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**भिलाई।** देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी खपरी दुर्ग मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हाइब्रिड मोड पर सफलतापूर्वक आयोजित की गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचवाईयू दुर्ग रजिस्ट्रार डॉ. भूपेंद्र कुलदीप थे। जिन्होंने कार्यशाला के विषय पर अपने विचार व्यक्त कर कार्यशाला की गरिमा को बढ़ाया। कार्यशाला को तीन चरणों में अलग-अलग उप विषय में बांटा गया। जिसमें प्रथम चरण में अमरकंटक यूनिवर्सिटी से डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने शैक्षणिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन में तनाव पर बहुत ही अच्छा व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में राजनांदगांव के शा. कमला देवी पीजी कॉलेज के डॉ. बसंत कुमार सोनबर ने हमारे जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व पर दैनिक जीवन की बातों से जोड़कर हंसते-हंसाते हुए अपना रूचिपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के तृतीय चरण में धमतरी बी.सी.एस. शा. पीजी कॉलेज से डॉ. सरला द्विवेदी ने गतिविधियों के साथ तनाव प्रबंधन तकनीक पर अपना व्याख्यान गतिविधि के माध्यम से अत्यंत ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. राजमणि पटेल, उप कुलसचिव हियुवि दुर्ग को समापन सत्र के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें उन्होने कार्यशाला के सफल संचालन की बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों का सम्मान महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. ज्योति शर्मा के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन महाविद्यालय की प्राचार्य ममता दुबे के द्वारा एवं कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षा विभाग की प्रभारी डॉ. ज्योति दुबे के मार्गदर्शन में किया गया।

# जामगांव आर में हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे रामोत्सवः रूपनारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

रामनवमी रामोत्सव भव्यता के साथ 6 अप्रैल को मनाने जन कल्याण रामोत्सव समिति द्वारा समरसता भवन जामगांव आर में बुधवार को बैठक आहुत की गई। प्रभावी मार्गदर्शन देने के लिए छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा तकनीकी एक्सपर्ट नीरज सिन्हा के साथ शामिल हुए। छत्तीसगढ़ पिछड़ा अन्य वर्ग

■ समरसता भवन जामगांव आर में रामोत्सव मनाने हुई बैठक

अध्यक्ष नेहरू निषाद का भी आकस्मिक आगमन का लाभ मार्गदर्शन में राम भक्तों को मिला। जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जामगांव आर महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, जनपद सदस्य त्रय प्रणव शर्मा, रवि सिन्हा, रामकुमार चंद्राकर, डॉ. तेजराम साहू, हीरालाल वर्मा, चंदूलाल वर्मा मंचासिन रहे। मुख्यवक्ता छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि 500 साल की कड़ी संघर्ष अनगिनत कुर्बानियों और देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे प्रधान सेवक मिलने के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। अयोध्या में रामलला विराजने से जामगांव आर पाटन के रामभक्तों का सपना भी पूरा हुआ। अब हमारे सामने भगवान राम का जन्मोत्सव मनाने की बारी है जामगांव आर में भव्य आयोजन 6 अप्रैल को होना तय हुआ है जिसमें धर्म सभा आयोजित होगा साधु संतों का व्याख्यान का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत में समिति के संयोजक प्रणव शर्मा ने आयोजन समिति के सभी दायित्वधारियों का परिचय कराते हुए बताया कि 6 अप्रैल कार्यक्रम दिवस गाड़ाडीह चौक से वाहन रैली निकलेगी जो संतों का स्वागत करते हुए 2 बजे किसान चौक जामगांव आर पहुंचेगी, किसान चौक से बाजे-गाजे के साथ भजन मंडली और आकर्षक झांकी युक्त नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

#### संत समागम में होगा व्याख्यान

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा की पावन उपस्थिति में पंकबीरथ के सन्त रविकर साहेब, निरंजनी अखाड़ा के स्वामी परमात्मानंद, विहंगम योग से योगेश्वरानन्द, विहिम प्रान्त मंत्री घनश्याम चौधरी, बजरंगदल प्रान्त संयोजक ऋषि मिश्रा का व्याख्यान होगा। तत्पश्चात श्रीराम प्रसादी का वितरण होगा।इस अवसर पर कन्हैयालाल साहू, कामता प्रसाद साहू, जिलोखन चंद्राकर, किशोर साहू, हलधर महमल्ला, नरेश केला, मनीष चन्द्राकर, मेघनाथ सगरवंशी, निर्मल चन्द्राकर, पुरणेंद्र सिन्हा, धनराज साहू, बाबा, वर्मा, लीलाधर वर्मा, ज्योति साहू, भगवान चन्द्राकर, द्रोण चन्द्राकर, नेतराम निषाद, हीरालाल साहू, अभिषेक शर्मा, तेजेन्द्र पिपरिया, आसकरण जैन, दानिराम वर्मा, अभिसेक सेन, डॉ गुलाब साहू, रामावतार चंद्राकर, बेनीराम साहू, श्रीकांत चन्द्राकर, मनीष जैन, डे रघुवंशी, योगेश्वर साहू, हेमन्त सहित राम भक्त गण उपस्थित थे। संचालन समिति अध्यक्ष किशोर साहू ने किया।

### सीबीआई जाँच कर रही तो दबाव बनाने के लिए सारे हथकण्डे अपना रहे हैं : विधायक ललित

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा है कि महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई के छापों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चाहे जितना मिथ्या प्रलाप कर लें, प्रदेश की जनता अब उनके झूठे प्रपंचों के झाँसे में नहीं आने वाली है। श्री चंद्राकर ने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में तो बघेल ने सीबीआई को प्रतिबंधित कर रखा था। यदि उनकी नीयत साफ थी तो मुख्यमंत्री रहते हुए ही बघेल यह मामला सीबीआई को सौंप देते। जब सत्ता हाथ से चली गई तब वह इस मामले की सीबीआई से जाँच की मांग करने लगे। श्री चंद्राकर ने कटाक्ष किया कि अब सीबीआई जाँच कर रही है तो दबाव बनाने के लिए सारे हथकण्डे अपना रहे हैं। महादेव सट्टा एप मामले में जिस तरह बघेल ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पर ठीकरा फोड़ने की नाकाम कोशिश की है, वह नितांत हास्यास्पद और उनके मानसिक असंतुलन का परिचायक है। भाजपा विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार एक ऐसी सरकार के तौर पर जानी जाती रही है, जो अपने ही राजस्व पर डाका डालने का काम करती रही और सरकारी खजाने की लूट को संरक्षण देती रही। बघेल यह याद रखें कि महादेव सट्टा ऐप ही सिर्फ एक मामला नहीं है। ऐसे अनेक घोटाले हैं, जिनमें बघेल की जवाबदेही बनती है। शराब, कोयला, रेत, जमीन घोटालों के साथ ही डीएमएफ घोटाला भी जाँच के दायरे में है। विधायक ललित चंद्राकर ने हैरत जताई कि डीएमएफ घोटाले को लेकर भूपेश सरकार के ही मंत्री रहे जयसिंह अग्रवाल ने बकायदा पत्र लिखा था, लेकिन बघेल ने बजाय अग्रवाल के पत्र को गंभीरता से लेने के संबंधित कलेक्टर को उपकृत किया और आज वह अधिकारी जेल की सलाखों के पीछे जमानत के लिए मोहताज है। डीएमएफ घोटाले पर तो विधानसभा में तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भी खुलासे किए थे, लेकिन नतीजा यह हुआ कि मरकाम को अध्यक्ष पद से हाथ धोना पड़ा। भाजपा विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि घपलों-घोटालों में बघेल सरकार के सहयोगी अधिकारियों को भूपेश बघेल ने न केवल संरक्षण दिया, अपितु उनके गिरफ्तार होने पर वे सरेआम उनके वकील बने रहे ।



■ सत्ता जाने के बाद सीबीआई जांच की खुद मांग की और अब भूपेश कर रहे है विरोध

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**भिलाई।** पानी- फ्रूटी बेचने वाले युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जीआरपी दुर्ग ने बताया कि मृतक युवक का नाम सिकोला भाठा प्रेम नगर दुर्ग निवासी विजय शर्मा है। जो ट्रेनों में पानी फ्रूटी बेचने का काम करता था। शुक्रवार की दोपहर प्लेटफार्म पर खड़ी मुंबई हावड़ा मेल के डिब्बे में चढ़कर सामान बेच रहा था। तभी ट्रेन शुरु हो गई और चलती टेन में विजय उतरने लगा और नियंत्रण नहीं रख पाने पर हादसे का शिकार हो गया।

### महाराणा प्रताप उद्यान को समिति ने निगम से मांगा

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्ण विकसित कर उद्यान को महाराणा प्रताप उद्यान समिति को हस्तांतरित किया जा सकता है। चूंकि इस सत्र 2025-26 में उद्यान के लिए अलग से आवंटन है। अतः आग्रह है कि वरियता आधार पर तत्काल कार्य सम्पादित करने का आग्रह रहवासियों द्वारा किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष मोहनी गुप्ता, कान्ता चितलान्गिया, पुष्पा पांडेय, किरेन वैद्य, सावित्री अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, ओपी यादव, टीपी गुप्ता, बन्दना महेन्दरू, पी सरकार, अनिल भरद्वाज, गीता गुप्ता, वीरेंद्र नाथ पाण्डेय, उमेश चितलान्गिया, जया मिश्रा आदि मौजूद थे। यह जानकारी महाराणा प्रताप उद्यान विकास समिति संरक्षक वीएन पांडेय ने दी।




### सेल के सिर्फ बीएसपी में एक दिन का वेतन देने से कर्मियों को सौ करोड़ का नुकसान

# राष्ट्रीय अवकाश पर एक्स्ट्रा वेज में कोताही से कर्मियों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रीय अवकाश के दिन ड्यूटी पर एक्स्ट्रा वेज देने के मामले में उपेक्षा से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सेल में शुरु से सिर्फ बीएसपी कर्मियों को एक ही दिन का वेजेस दिया जा रहा है। इससे कर्मियों को सिर्फ दस साल में ही सौ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने इस भेदभाव को खत्म कर प्रबंधन से राष्ट्रीय अवकाश के दिन ड्यूटी करने पर बीएसपी कर्मियों को 2 दिन का एक्स्ट्रा वेज देने की मांग की है। जल्द ही मांग पूरी नहीं होने पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी है।

इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कार्यपालक निदेशक के नाम आईआर विभाग के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर नेशनल एंड फेस्टिवल हालीडे एक्ट का पालन कर कर्मियों के साथ न्याय करने की मांग की है। यूनियन ने कहा कि राष्ट्रीय अवकाश (26 जनवरी, 15 अगस्त एवं 2 अक्टूबर ) के दिन ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए उस दिन के वेतन के अलावा दो दिन का एक्स्ट्रा वेजेस देने का प्रावधान 'नेशनल एंड फेस्टिवल हॉलीडे एक्ट ' के तहत किया गया है । इसका पालन करते हुए सेल के बोकारो और सेलम स्टील प्लांट में राष्ट्रीय अवकाश के दिन ड्यूटी करने पर 2 दिन का एक्स्ट्रा वेजेस दिया जाता है लेकिन बीएसपी में एक्ट का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रीय अवकाश के दिन ड्यूटी करने पर सिर्फ एक दिन का एक्स्ट्रा वेज दिया जा रहा है। यह वेजेस एक्ट का उल्लंघन के साथ ही कर्मचारियों के साथ अन्याय भी है।

**स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने प्रबंधन से की 2 एक्स्ट्रा वेज की मांग**



#### नेशनल, फेस्टिवल हालीडे एक्ट का उलंघन

बीएसपी प्रबंधन ने पिछले 10 वर्षों में ही 100 करोड रुपए से अधिक का कर्मचारियों को नुकसान कराया। इंटक यूनियन ने कहा कि हर साल 3 दिन का राष्ट्रीय अवकाश कर्मचारियों को दिया जाता है । पिछले 10 वर्ष के आंकड़े की बात करें और यह माने की इन 10 वर्षों में कर्मचारियों का एक दिन का औसत वेतन 2500 रुपए है और पिछले 10 वर्षों में बीएसपी के राष्ट्रीय अवकाश के दिन ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का औसत मैनपॉवर 15 हजार मानें( जबकि 1 अप्रैल 2015 से 1 मार्च 2025 तक का औसत मैनपॉवर 18010 है ) तो प्रबंधन कर्मचारियों का 1 वर्ष का औसत राशि 3,2500-15000=11,25,00000 रु ( 11 करोड़ 25 लाख रुपए) और 10 वर्ष का 112 करोड़ 50 लख रुपए का नुकसान वर्कर्स को हुआ है। इतनी राशि प्रबंधन ने कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया । यह आंकड़ा सिर्फ पिछले 10 वर्षों का है । जबकि सेल की अन्य इकाइयों में नेशनल एंड फेस्टिवल हॉलीडे एक्ट के तहत शुरू से ही 2 दिन का एक्स्ट्रा वेज दिया जा रहा है ।

#### यूनियन ने दी बड़े कदम की चेतावनी

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने प्रबंधन से कहा है कि जल्द राष्ट्रीय अवकाश अवकाश के दिन ड्यूटी करने पर सेल की अन्य इकाइयों की तरह बीएसपी के कर्मचारियों को 2 दिन का एक्स्ट्रा वेज दिया जाए और नेशनल एंड फेस्टिवल हॉलीडे एक्ट का पूरी तरह पालन किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर इंटक यूनियन कड़े कदम उठाएगा । इसके बाद संयंत्र में विषम परिस्थिति निर्मित होगी । इससे उत्पादन पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन की होगी। जीएम से चर्चा के दौरान यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन, सहायक कोषाध्यक्ष जीआर सुमन, उप महासचिव धनेश प्रसाद, रमाशंकर सिंह, शिव शंकर सिंह, वरिष्ठ सचिव राजकुमार, जीके अग्रवाल, के रमन मूर्ति, जसवीर सिंह, डी शंकर राजकुमार, अजय कुमार शाह, अरविंद प्रताप सिंह, शैलेंद्रकांत सक्सेना और रमेश चौरसिया व प्रबंधन से महाप्रबंधक विकास चंद्रा एवं रोहित हरित उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय माउंटेन साईकिलिंग चैंपियनशिप के लिए छग साईकिलिंग टीम रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरियाणा के पंचकुला में राष्ट्रीय माउंटेन साईकिलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की साईकिलिंग टीम ने रवाना हुई। बीएसपी साईकिलिंग क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक और अध्यक्षता ओए के चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने साइकिलिंग टीम को रवाना किया। इस कार्यक्रम में ईवीसुनील सचिव, बीएसपी साइकलिंग क्लब, विनायक चन्नावार, महासचिव, छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ, देवप्रकाश वर्मा प्रशिक्षक एवं सचिव दुर्ग जिला साइकलिंग संघ तोशेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सायकल पोलो क्लब के अध्यक्ष व ओए महासचिव परविंदिर सिंह ने किया।

■ बीएसपी साईकिलिंग क्लब के आयोजन में बढ़ाया हौसला

## अवधेश पहलवान को छग सरकार ने किया सम्मानित

**भिलाई ।** नेशनल गेम्स गोवा में छग कुश्ती संघ के अवधेश पहलवान को कांस्य पदक मिलने पर छत्तीसगढ़ सरकार ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें 2 लाख 40 हजार रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अवधेश इसके पूर्व भारत केसरी सहित नेशनल गेम्स केरल में सिल्वर, आलइंडिया में फेडरेशन कप में में रजत सहित 13प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर चुके हैं। उनके कोच भगवान दास पहलवान हैं। उनकी उपलब्धियों में बीएसपी रेसलिंग क्लब का महती योगदान रहा है। छग कुश्ती संघ के अवधेश पहलवान की उपलब्धी पर कोच भगवान दास, जी सुरेश बाबे,भूपेंद्र यादव, जगन्नाथ यादव, श्रीकांत, प्रशांत राय, गाम यादव व कुंदन पांडेय आदि खेलों व संघ से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।




## प्राचार्य पदोन्नति में देरी, शिक्षक संघ ने की उप संचालक से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की प्राचार्य पदोन्नति के मामले में आकस्मिक बैठक प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर की अध्यक्षता , प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह की उपस्थिति में हुई। जिसमें प्राचार्य पदोन्नति में लोक सेवा आयोग द्वारा डीपीसी होने के बाद भी प्रशासन की ओर से हो रही लेट लतीफी, सभी स्तर के समयमान वेतनमान, सोना साहू प्रकरण, बर्खास्त बीएड शिक्षक, अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई । बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल के रूप में लोक शिक्षण संचालनालय कार्यालय में संगठन ने उप संचालक आशुतोष चावरे से वार्तालाप किया । संगठन ने मुखर रूप में प्राचार्य पदोन्नति मामले में हाल ही में उच्च न्यायालय में विभाग द्वारा विभागीय पक्ष मजबूती से नहीं रखने के कारण 16 अप्रैल तक स्थगन दिए जाने पर आक्रोश जाहिर किया जबकि ऐसी ही समरूप याचिका को उच्च न्यायालय की युगल खंडपीठ द्वारा खारिज किया जा चुका है जिन्हें न्यायालय में अवगत नहीं कराया गया। उप संचालक ने प्रतिनिधि मंडल को पूर्णतः आश्वस्त किया कि 16 अप्रैल को उच्च न्यायालय में शिक्षा विभाग पूरी दमदारी, पूरे तथ्यों और आंकड़ों, भर्ती पदोन्नति नियम के प्रावधानों को प्रस्तुत करेगा। शासन अप्रैल में ही प्राचार्य पदोन्नति जारी करने के लिए प्रतिबद्ध है पूरी औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है। पदस्थापना के मामले में संगठन को।अवगत कराया गया कि पदोन्नति पश्चात प्राचार्य पदस्थापन ओपन काउंसलिंग से किए जाने की संभावना है ताकि पक्षपात की आशंका समाप्त की जा सके। समयमान वेतनमान के प्रस्ताव के लिए सभी संयुक्त संचालकों , जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजने की बात पर सहमति हुई। बैठक सह प्रतिनिधि मंडल में मनोज कुमार राय महामंत्री, उमेश भारती गोस्वामी कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, वाईके दिल्लीवार संगठन मंत्री , गया राम राजवाड़े कोषाध्यक्ष, टेक राम सेन उपाध्यक्ष, अशोक कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, भुवन सिन्हा संभागीय संगठन मंत्री, टिकेश ठाकुर जिलाध्यक्ष, अर्जुन राम तारम कार्यकारिणी सदस्य, मनीष देवांगन जिलाध्यक्ष, सुनील नायक आदि शामिल रहे।

■ प्रतिनिधिमंडल ने और भी कई बिंदुओं पर की चर्चा

## एग्रो बीमा कंपनी को मेडिक्लेम नहीं देना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एक निजी बीमा कंपनी को बीमा पालिसीधारक को इलाज की मेडिक्लेम राशि भुगतान नहीं करवाना महंगा पड़ गया। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग ने इस मामले में पीड़ित बीमा पालिसीधारक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को मय ब्याज मेडिक्लेम राशि सहित क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया है। फोरम ने परिवादी मुकेश तिवारी निवासी पुलिस लाइन सेक्टर 6 को मय ब्याज हर्जाना भुगतान करने का फरमान उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष संतोष कुमार और सदस्य नीलू ठाकुर तथा संध्या वाजपेयी ने एचडीएफसी एरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुंबई को दिया है।

■ उपभोक्ता फोरम दुर्ग ने पीड़ित को मय ब्याज क्षतिपूर्ति देने का सुनाया फैसला

प्रकरण के अनुसार परिवादी पुलिस लाइन सेक्टर 6 भिलाई निवासी मुकेश तिवारी ने आनवेदक प्रबंध निदेशक/ विधिक अधिकारी एचडीएफसी एरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय एचडीएफसी हाउस 165/166 बैकबे रिक्लेशमेंट एचडी पारेख मार्ग मुंबई के विरुद्ध अधिवक्ता ललित ठाकुर के माध्यम से एक निजी अस्पताल में हुए पत्नी के इलाज के बीमा क्लेम की राशि नहीं देने पर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग में न्याय के लिए परिवाद दायर किया था। परिवाद के अनुसार परिवादी ने अपने पूरे परिवार यानी पत्नी रेखा तिवारी व बेटी रिद्धिमा तिवारी का अनावेदक क्रमांक 1 से स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा पालिसी 31 मार्च 2019 से 30 मार्च 2020 तक की अवधि के लिए प्रीमियम राशि 16, 663 रुपए कर प्राप्त किया था। परिवादी की पत्नी रेखा तिवारी को 20 जुलाई 2019 को सिर दर्द व उल्टी होने पर अनावेदक क्र. 2 एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। अस्पताल में संपूर्ण इलाज में 16 हजार 459 रुपए परिवादी द्वारा जमा कर पत्नी को अस्पताल से डिस्चार्ज कराया। लेकिन परिवादीने जो बीमा कराया था, उसमें कैशलेस इलाज करने का प्रावधान था, यह सुविधा परिवादी को प्रदान नहीं की गई। 24 जून 2019 को परिवादी को अनावेदक क्रमांक 1 ने कार्यालय से फोन से बताया कि पत्नी को सिर दर्द की शिकायत दो वर्ष पुरानी होने के कारण बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। इसकी जानकारी मिलने पर परिवादी ने डां. अनूप गुप्ता को बताया कि दो दिन पूर्व के सिर दर्द को दो साल लिख दिए जाने के कारण अनावेदक क्रमांक 1 द्वारा मेडिक्लेम राशि प्रदान नहीं की जा रही है, बाद डां. गुप्ता ने त्रुटिवश हुई गल्ती को सुधार कर दो दिन लिखकर दिया। लेकिन इसके बाद भी अनवादेक क्र. 1 द्वारा परिरवादी के क्लेम को 26 जुलाई 19 को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद परिवादी द्वारा क्लेम पुनरावलोकन लगाया गया, जिसे भी निरस्त कर दिया। बाद परिवादी ने अधिवक्ता के माध्यम से अनावेदक से 16,979 रुपए मय ब्याज, मानसिक कष्ट के लिए 50 हजार वाद व्यय और अधिवक्ता शुल्क दिलवाए जाने के न्याय की मांग फोरम से की।

#### कैशलेस सुविधा की थी बीमा पालिसी

उपभोक्ता फोरम ने प्रकरण की सुनवाई बाद 6 मार्च 2025 को परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उसे अनावेदक क्र. 1 यानी एचडीएफसी एरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.मुंबई को मय ब्याज और क्षतिपूर्ति सहित मेडिक्लेम राशि देने का आदेश दिया। फोरम ने अनावेदक -1 के कृत्य को सेवा में कमी और व्यावसायिक कदाचार करार देते हुए पीड़ित परिवादी को 16 हजार 979 रुपए सहित परिवाद प्रस्तुति 26 नवंबर 19 से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत सालाना ब्याज भी प्रदान करने का आदेश दिया। इसके अलावा परिवादी को मानसिक क्षतिपूर्ति के रुप में 2 हजार रुपए और 3 हजार रुपए वाद व्यय भी अदा करने का आदेश दिया। सभी राशि आदेश के 30 दिन के अंदर देने कहा है। वहीं अनावेदक क्र. 2 विरुद्ध वाद को खारिज कर दिया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता ललित ठाकुर ने पैरवी की।

हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल ( प्रा. ) लि.
जुनवानी स्मृति नगर रोड, भिलाई
0788-4056666, 73891 92333
HI TEK
यूरोलॉजिस्ट
डॉ नवीन वैष्णव
MBBS, MS, MCh (Urology)
• यूरोलॉजी प्रोस्टेट कैंसर • मूत्राशय कैंसर
• मूत्राशय का आगे बढ़ना
• हेमेट्यूरिया (मूत्र में रक्त)
• स्तंभन दोष (ईडी) • मूत्राशय शोथ
• प्रोस्टेटाइटिस (प्रोस्टेट ग्रंथि की सूजन)
• किडनी में पथरी • संक्रमण • यौन रोग
• पेल्विक फ़्लोर की समस्या
• मूत्र पथ के संक्रमण (यूटीआई)
डायलिसिस एक्सपर्ट
डॉ सुमन राव
MBBS, MD, DNB (Dialysis Expert)
• किडनी एवं डायलिसिस
• डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप के मरीजों में किडनी की सुरक्षा
• एक्यूट रीनल फेलियर
• डायलिसिस
अत्याधुनिक मशीनों पर 24 घंटे/4 शिफ्ट में डायलिसिस की सुविधा

## लापता बच्चियों को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** शादी के घर में आए परिवार की दो बच्चीं अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। खबर लगते ही दुर्ग कोतवाली पुलिस ने खोजबीन करना शुरु किया। दो बच्चीं चॉकलेट खरीदने के बहाने घर से निकली थी। अचानक लापता हो गई थी। गया नगर स्थित शादी घर में आए दो बच्चे चॉकलेट खरीदने के लिए बाहर निकले और गुम हो गए। इससे परिवारजन परेशान होकर उनकी तलाश करने लगे और इसकी जानकारी उन्होंने कोतवाली दुर्ग पुलिस को दी। पुलिस ने आईजी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दोनों खोजना शुरु किया। थाने के एएसआई ठाकुर ने बताया कि चार और पांच साल की दो बच्चियां घर से निकला थी। माता-पिता के साथ बच्चियां गया नगर के एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। दोनों बच्चे चॉकलेट खरीदने के बहाने घर से निकले और लापता हो गए। पुलिस टीम ने फोटो के आधार पर दोनों बच्चियों को ढूंढना शुरु किया। दोनों बच्चियां सिद्धर्थ नगर दुर्ग से पुलिस ने खोज निकाला है। दोनों को पुलिस टीम ने माता-पिता के हवाले किया। कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रताप सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक शाहिद खान, आरक्षक विकास तिवारी शामिल थे।

## एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रहा भिलाई

**भिलाई।** महानगर के रुप में विकसित हो रहा भिलाई एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रहा है। सालों से नया बस स्टैंड नहीं बनाए जाने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम और जिला प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई में पुराना बस स्टैंड अपनी उपयोगिता खो चुका है। यहां पुराने बुकिंग आफिस में नगर निगम के एक विभाग के कार्यालय खुलने के अलावा परिसर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान काबिज हो गए हैं। राज्य परिवहन निगम की बसों के बंद होने के बाद से ही पिछले बीस साल से यहां निजी बसों की आवाजाही बंद है। वर्षो से शहर की आबादी और यात्री बढ़के के कारण नए बस स्टैंड की मांग की जा रही है। लेकिन नगर निगम व जन प्रतिनिधियों द्वारा अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिए जाने का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि महानगरीय और रात्रिकालीन बसे बस स्टैंड के बाहर फोरलेन के किनारे स्टापेज में खड़ी होती हैं। इस दौरान यात्रियों को भारी असुविधा होती है। बारिश, गर्मी और ठंडी के मौसम में खुले में यात्रा करने लोग बसों के इंतजार में खड़े रहते हैं।

#### रात्रिकालीन बसें सुपेला चौक पर खड़ी हो रहीं

भिलाई में बस स्टैंड नहीं होने के कारण रात्रिकालीन लंबी दूरी की बसें सुपेला चौक पर जीई रोड के किनारे खड़ी हो रही हैं। इस दौरान भारी ट्रैफिक और अंधेरे के कारण यात्रियों को सदैव दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं दिन में दुर्ग राजनांदगांव व रायपुर के बीच चलने वाली महानगरीय बसों से सफर करने वाले लोगों को भी यहां इसी तरह की परेशानी हो रही है। रोज सौ से अधिक रात्रीकालीन बसें और दिन में तीन सौ महनगरीय बसें यहां से गुजरती हैं। इनमें रोज हजारों यात्री शहर से सफर करते हैं। वहीं सुपेला चौक पर हजारों आटो व ई रिक्शा की आवाजाही और खड़े होने से भारी ट्रैफिक होता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### महापौर ने पेश किया लाभ का बजट, पेयजल से निपटने टंकी का निर्माण भी

# भिलाई-चरोदा क्षेत्र को संवारने 334 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में विकास के लिए महापौर निर्मल कोसरे ने लाभ का बजट पेश किया है। निगम क्षेत्र के विकास के लिए 334 करोड रुपए का बजट पेश किया गया है। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि सवा लाख की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने मोरिद जलाशय से उरला वाटर प्लांट को पानी की आपूर्ति होगी। इसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्राविधान बजट में किया गया है। भिलाई-3 से चरोदा तक तांदुला की शाखा नहर पर केनाल रोड निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपये बजट रखा गया है। महापौर कोसरे ने शुक्रवार को सदन में बजट प्रस्तुत किया। सत्ता पक्ष विपक्ष के बीच बहस के बाद इसे पारित कर दिया गया। बजट में सिरसा मार्ग के पास स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास पुराने खदान को चौपाटी के रूप में विकसित करने दो करोड़ रुपये का प्राविधान किया है। 11 मुक्तिधाम का उन्नयन, दो खेल ग्राउंड जरवाय एवं गनियारी में बनाने, भिलाई तीन स्थित मिनी स्टेडियम को भी पूरा करने का प्राविधान है। स्वच्छता को देखते हुए सेग्रीगेशन प्लांट, 75 -75 लाख की लागत से विश्व बैंक कालोनी, दादर नाला के पास एसटीपी प्लांट का निर्माण, ग्राम गनियारी में एक करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन बनेगा।इस दौरान सभापति कृष्णा चंद्राकर,प्रतिनिधि दिलीप पटेल, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा,संतोष तिवारी, पार्षद भारती सूर्यवंशी, डे सहाब वर्मा,तुलसी ध्रुव, पूर्व पार्षद राम कुमार सूर्यवंशी, आशीष वर्मा समेत भाजपा कांग्रेस के पार्षद मौजूद थे।

#### वार्डो को हरा भरा करने गार्डन भी

सोमनी नाला, देवबलोदा एवं दादर में तीन स्थानों पर चेक डेम निर्माण, सभी वार्डो में गार्डन निर्माण, भिलाई तीन चंदूलाल चंद्राकार व्यावसायिक परिसर से मटन मार्केट हटा सिरसा-सोमनी चौक के पास करने, शहीद स्मारक की तर्ज पर एक इनडोर स्टेडियम बजरंग पारा में बनाने निर्णय हुआ। जी केबिन से देवबलौदा तक प्रकाश व्यवस्था, सराहनीय मंगल भवन वार्ड 17 भिलाई तीन, मंगल भवन वार्ड 20 चरोदा भवन में 16 लाइट प्रकाश व्यवस्था, जल स्वास्थ्य सुविधा के लिए 9418 लाख का अनुमान प्रावधानित है।






#### लघु उद्योग और ओपन जिम भी होगा

फिल्टर प्लांट में नवीन पाइप लाइन के माध्यम से जोड़कर जल प्रदा योजना के लिए प्रावधान रखा है। उच्च स्तरीय पानी टैंक की निर्माण,वार्ड एक ट्रांसपोर्ट नगर हाथ खोज वार्ड ग्राम 19 पदुमनगर पंचशील नगर वार्ड 31, 32, 33 देव बलौदा, वार्ड 24 आदर्श नगर चरोदा वार्ड 37 सिरसा भाटा सफाई व्यवस्था पर खर्च होगा। वार्ड साथ विश्व बैंक कॉलोनी में पुष्प वाटिका निर्माण, वार्ड 18 उत्तर वसुंधरा नगर में पुष्प वाटिका निर्माण के अलावा सिरसा कला में जल कार्य फुटपाथ निर्माण वृक्षारोपण चौपाटी भी बनाया जाएगा। वार्ड 8, 11, 13, 19, 20, 23, 24, 25 एवं 26 में लघु उद्योग, ओपन जिम स्थापना की जाएगी। सिरसा गेट चौक से गुजरने वाली नहर में कैनल रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। वार्ड 14 में मिनी स्टेडियम का भी विकास किया जाएगा।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129

04

ट्रेंडसेंटर-2025

लाइव इवेंट

## बीएसपी के पी जनार्दन को अखिल भारतीय हिंदी भाषी क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक आवेन्स एवं कोल कैमिकल विभाग के अभियांत्रिकी सहायक के पद पर कार्यरत हिंदीत्तर भाषी वर्ग के पी. जनार्दन को अखिल भारतीय हिंदी भाषी क्षेत्र प्रथम पुरस्कार ने नवाजा गया है। उन्हें सम्मानजनक नकद राशि एवं प्रतीक चिन्ह, प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया है। जनार्दन संयंत्र एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित नराकास प्रतियोगिताओं में विजेता रहे हैं। केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद एवं केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अखिल भारतीय हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी सरकारी कर्मचारियों के लिए) आयोजित प्रतियोगिताा में उन्हें सम्मानित किया गया। जर्नादन हिंदीत्तर भाषी कर्मचारी हैं। जर्नादन को यह पुरस्कार केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद एवं केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजभाषा संगोष्ठी एवं अखिल भारतीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. सुमेर सिंह सोलंकी, सांसद, राज्य सभा,, विशष्ट अतिथि डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर बीएसपी अधिकारी तुलाराम बेहरा, एफएसएनल के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी, जगमोहन सिन्हा सहित अन्य ने बधाई दी है।

सिटी इवेंट

## सबका साथ, सबका विकास एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की विचाराधारा : रौनक जमाल



**भिलाई।** देश को आज़ाद हुए 76 वर्ष हो चुके हैं। इस दौरान कई प्रधानमंत्रियों ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आम जनता का यह अनुभव रहा कि उनके वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस प्रयास कम ही हुए। इसी कारण, जनता का राजनेताओं पर से विश्वास धीरे-धीरे कम होता गया। उर्दू हिंदी भाषी अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार एमजेएफ लायन डॉक्टर रौनक जमाल ने कहा कि भारत के राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस को सबसे अधिक समय तक शासन करने का अवसर मिला। इस दौरान चुनावी रणनीतियों के तहत विभिन्न समुदायों को आकर्षित करने के लिए अनेक वादे किए गए। विशेष रूप से मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कई योजनाओं की घोषणाएं की गईं, लेकिन ज़मीनी हकीकत अपेक्षाओं से अलग रही। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट इस बात का प्रमाण बनी कि वर्षों के शासन के बावजूद मुसलमानों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का नारा देकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता जताई। इस नारे से समाज के प्रत्येक वर्ग विशेष रूप से मुसलमानों को भी एक नई आशा मिली। हाल ही में मोदी सरकार द्वारा ईद के अवसर पर तीन मिलियन जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों को सहायता किट देने की घोषणा एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह कदम भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। देश के विकास और सामाजिक सौहार्द्र को बनाए रखने के लिए सभी को साथ लेकर चलना आवश्यक है। सबका साथ, सबका विकास केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो भारत को एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

सिटी इवेंट

## आलोक पांडेय बनाए गए विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश संयोजक



**भिलाई।** विश्व हिंदू महासंघ भारत का प्रदेश संयोजक आलोक पांडेय को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत महाकाल के पीठाधिश्वर कल्काजी मंदिर नई दिल्ली हैं। आलोक पांडेय की नियुक्ति इन आशाओं के साथ की गई है कि वे अपने पद की गरिमा रखते हुए विश्व हिंदू महासंघ के नियमों का पालन करेंगे। अपने पद के अनुसार अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करते हुए संगठन की गोपनीयता वह अक्षत अखंडता बनाए रखेंगे। यह भी आशा की गई है कि आप धर्म की रक्षा हेतु समर्पित होकर अपने देश तथा हिंदू समाज को एकजुट करने एवं सुरक्षा प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग करेंगे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगी राजकुमार नाथ चौहान ने उनकी नियुक्ति पत्र जारी किया है।

● माहे रमजान की विदाई पर जारी है इबादतों का सिलसिला, ईद की तैयारियां शुरू

# शबे कद्र पर रातभर खास इबादत में डूबे लोग अलविदा जुमा की रौनक दिखी मस्जिदों में

माहे रमजान के आखिरी हिस्से में मुस्लिम समुदाय के लोग रात और दिन इबादत में डूबे हुए हैं। शबे कद्र में बीती रात जहां मस्जिदों और घरों में लोग रातभर खास इबादत करते रहे। वहीं शुक्रवार को माहे रमजान का आखिरी जुमा पड़ने की वजह से अलविदा जुमा की नमाज पढने हजारों की तादाद में नमाजी उमड़े। इस दौरान मुल्क में अमन की दुआएं की गई। शहर की तमाम मस्जिदों में गुरुवार 27 मार्च की शाम से शुक्रवार 28 मार्च की सुबह तक लैलतुल कद्र (शब-ए-कद्र) की रौनक दिखी। घरों और मस्जिदों में लोगों ने रात भर इबादत के साथ खूब दुआएं की। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में तमाम इबादतों के साथ खास तौर पर सलातुत तस्बीह (नमाजे तस्बीह) का भी एहतमाम किया गया। इसी तरह शहर की दीगर मस्जिदों में भी लोगों ने खूब इबादतें की।



### जारी है 'एतकाफ' की इबादत, कर रहे दुआएं

शहर की तमाम मस्जिदों में खास इबादत 'एतकाफ' के लिए लोग बैठे हैं। शव्वाल महीने का चांद देखने के साथ लोग 'एतकाफ' पूरा कर मस्जिदों से अपने घरों को लौटेंगे। इस साल अशरफी मस्जिद खुर्सीपार भिलाई में 5, मदनी मस्जिद जोन 1/2 खुर्सीपार में 4, मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2 में 2, मस्जिद नूर सुपेला में 8, फौजी नगर आयशा मस्जिद में 2, कोहका में 3, मदनी मस्जिद फरीद नगर में 3, निजामी चौक में 3, एकता नगर भिलाई 3 पेट्रोल पंप के पीछे वाली मस्जिद में 1, चरोदा मस्जिद 2, हुडको मस्जिद में 1 और रूआबांधा में 2 लोग 'एतकाफ' पर बैठे हैं।



**भिलाई।** तरावीह पूरी होने पर मस्जिदों में इमाम, मुअज्जिन और अन्य लोगों का इस्तकबाल किया गया। हर मस्जिदों में तरावीह पढ़ाने वाले हाफिजों को नजराना पेश किया गया। मस्जिद शेरे खुद हाउसिंग बोर्ड में इमाम व मुअज्जिन के साथ साल भर में हज व उमराह पर गए खुशकिस्मतों का भी इस्तकबाल किया गया। वहीं बच्चों को तोहफे दिए गए। सुबह के वक्त सेहरी के दौरान शहर की सभी मस्जिदों में रोजेदारों के लिए खास इंतजाम किए गए थे। सुबह फजर की नमाज में दुआओं के बाद लोग घरों को लौटे। शुक्रवार की दोपहर माहे रमजान का आखिरी जुमा होने की वजह से अलविदा जुमा पढ़ने के लिए हजारों की तादाद में रोजेदार-नमाजी मस्जिदों में पहुंचे। भरी दोपहरी में नमाज के वक्त हजारों की तादाद में नमाजी इकट्ठा हुए। इस दौरान खूब दुआएं की गई रोजेदारों ने अपने गुनाहों से माफी मांगी और अपने रोजों को कबूल करवाने दुआएं की। वहीं मुल्क में अमन व सलामती के लिए भी दुआओं में हाथ उठे। इमाम सहित तमाम नमाजियों ने दुआओं के लिए हाथ उठा कर गिड़गिड़ाते हुए बारगाह-ए-इलाही में दुआएं मांगीं।



### सेक्टर-7 मदरसा में पूरी हुई तरावीह की नमाज, किया इस्तकबाल

सेक्टर 7 स्थित मदरसा में माहे रमजान पर तरावीह की नमाज रखी गई थी। जिसमें हाफिज नदीम रजा अजहरी ने पूरे महीने तरावीह की नमाज पढ़ाई। शबे कद्र पर बीती रात हुए एक आयोजन में हाजी सैयद अनवर अली ने हाफिज अजहरी का इस्तकबाल किया और नजराना पेश किया। इसी तरह वसीम हक को भी नजराना दिया गया।

### कल चांद दिखा तो ईद 31, नहीं तो एक को

माहे रमजान का आखिरी अशरा (10 दिन) चंद दिन में खत्म हो जाएगा। इसके साथ ही अब ईदुलफित्र मनाने चांद के दीदार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। माहे रमजान में 29 वां चांद दिखाई देने की संभावनाएं रहती है। ऐसे में मस्जिद कमेटियों की तरफ से 30 मार्च रविवार की शाम चांद देखने की तैयारियां की गई हैं। वहीं अपील भी की गई है कि चांद दिखने पर मस्जिदों में जरूर खबर करें। अगर 30 मार्च की शाम शव्वाल का चांद नजर आता है तो ईदुलफित्र 31 मार्च को मनाई जाएगी। नहीं तो एक अप्रैल को ईदुल फितर मनाई जाएगी।

### आज हुए थे अंग्रेजों की बेड़ी से आजाद, शबे कद्र थी आजादी की रात



शबे कद्र और अलविदा जुमा के साथ इस बार एक अनूठा इत्तेफाक यह भी जुड़ गया कि हिजरी सन के हिसाब से ठीक इसी रात में 15 अगस्त 1947 को हमारे मुल्क को आजादी मिली थी। आर्किटेक्ट हाजी एमएच सिद्दीकी बताते हैं कि चांद की तारीख के हिसाब से 27 रमजान 1366 हिजरी था। उस रात देश आजादी की खुशी से सराबोर था और शबे कद्र की रात जागकर इबादत कर रहे लोग मुल्क की खुशहाली की दुआएं कर रहे थे। तब भी जुमा (शुक्रवार) का दिन था और इस बार भी जुमा है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम पीसेगांव पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा के अंतर्गत ग्रामीणों के मध्य गांधी जीवन दर्शन तथा मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी तथा गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम नने गांधी जी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने हेतु उनके जीवन दर्शन के अभिन्न तत्व सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, सविनय अवज्ञा जैसी अवधारणाओं का ग्रामसभा में विश्लेषण किया गया। उन्होंने संविधान में उल्लेखित 11 मौलिक कर्तव्यों भारतीय संविधान का पालन करें और राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान के साथ-साथ संविधान के आदर्शों और संस्थानों का सम्मान करें, स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करें, भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखें और उसकी रक्षा करें, देश की रक्षा करें और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सेवा भी प्रदान करें, धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीय विविधताओं से परे भारत के सभी नागरिकों के बीच सद्भाव और समान बंधुता की भावना को बढ़ावा देना और महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना, देश की मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व दें और उसका संरक्षण करें, वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण और सुधार करें साथ ही जीतित प्राणियों के प्रति दया की भावना, वैज्ञानिक सोच, मानवतावाद तथा जिज्ञासा एवं सुधार की भावना को विकसित करें।



# राजा गुरु बालकदास को समाज ने किया नमन

**भिलाई।** धर्म जागरण समन्वय (सतनाम परियोजना) के तत्वावधान में गुरु बाललदास की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र राजा गुरु बालकदास का 28 मार्च 1860 को निधन हो गया था। वे मानव मानव एक समान सहित सात्विक आहार, विचार व्यवहार का पालन करते हुए सतमार्ग में चलने का सतनाम संदेश देने और सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए एक सार्वजनिक भोज कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान अपने सुरक्षा सैन्य बलों व हथियार के बिना वे कार्यक्रम में मौजूद थे। इसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने उन पर हमला कर दिया था, जिस पर सतनामी समाज के राजा गुरु बालकदास की शहादत हुई थी। सतनाम धर्म के



अनुयायियों ने गुरु गद्दी व जैतखाम आरती के साथ राजा गुरु बालकदास को नमन। कार्यक्रम धर्म जागरण समन्वय (सतनाम परियोजना) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रांत सह प्रमुख किशोर कुमार भारद्वाज, लक्ष्मी रमन, संपत, दिलीप, उपसहा सहित नेवई भाठा लक्ष्मी नगर व मिनी माता नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

काम की खबर : गर्मी बढ़ने के साथ ही हीट वेव की आशंका बढ़ी, तापमान में हो रही तेजी से बढ़ोतरी

# सन स्ट्रोक का खतरा : गर्म हवा के थपेड़ों ने शुरू किया झुलसाना, पारा 38 डिग्री के पार, ऐसे में अतिरिक्त सावधानियां जरूरी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में प्रचंड गर्मी पड़ना शुरू हो गया है। दुर्ग समेत छत्तीसगढ़ जिलों में तापमान 40 डिग्री के आसपास या इसके पार पहुंच गया है। आगामी दिनों में पारा 45 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इन सबके बीच शुक्रवार को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री ज्यादा रहा। वही न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग की मानें तो अप्रैल महीने की शुरुआत के साथ ही पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है। इधर बढ़ती गर्मी ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को दोपहर के समय गर्म हवा ने लोगों को झुलसाया। इसके साथ ही हीट वेव की आशंका बढ़ गई है। इन सबके बीच गर्मी से बचाव और सावधानियां बरतना आवश्यक हो गया है। हरिभूमि ने इसे लेकर जनरल प्रैक्टिशनर डॉ. अनिल अग्रवाल से बात की। उन्होंने बढ़ती गर्मी के समय बचाव और सावधानियों को लेकर जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि यूं तो गर्म हवाएं और बढ़ा हुआ तापमान हर उम्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है, लेकिन कुछ लोगों को इस गर्म के मौसम में बीमारियों का खतरा अधिक रहता है। यह आपकी उम्र, जेंडर, हेल्थ कंडीशन और काम की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसलिए सुरक्षा उपाय आवश्यक हैं।



### सबसे गर्म रहा राजनांदगांव, पारा 43 डिग्री पहुंचा

मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो शुक्रवार को गर्मी ने लोगों को अहसास करा दिया। पड़ोसी जिले राजनांदगांव में प्रदेश का सबसे गर्म दिन रहा। शुक्रवाार को राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा, वहीं न्यूनतम पारा 21.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं बिलासपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा रहा। न्यूनतम पारा 22 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा माना रायपुर में दिन का तापमान 40.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा था। रात का पारा 22 डिग्री रिकार्ड किया गया। जगदलपुर का तापमान 39 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.51 डिग्री ज्यादा था। रात का पारा 21.1 डिग्री रहा। इस प्रकार प्रदेश के टॉप-5 गर्म क्षेत्रों में दुर्ग चौथे नंबर पर रहा, जहां पारा 38 डिग्री के करीब रहा।

### मौसम अलर्ट: इस बार एक बार भी नहीं बदला मौसम, पड़ेगी ज्यादा गर्मी

मौसम एक्सपट्र्स की मानें तो सामान्यतः जनवरी से मार्च के बीच मौसम में बदलाव का समय रहता है। इस बीच तेज हवाओं के बीच हल्की से मध्यम स्तर पर बारिश होती है। इस बार ऐसा देखने को नहीं मिला है। इससे अनुमान है कि इस बार सामान्य दिनों से ज्यादा गर्मी पड़ेगी। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो से तीन दिनों में ही पारा 43 से 45 डिग्री तक पहुंचने के आसार है। इसके आगामी दिनों में और बढ़ने की संभावना है। इतना ही नहीं ज्यादा तापमान और मौसम में बदलाव नहीं होने की स्थिति में मानसून के भी जल्दी आने की संभावना बन रही है। हालांकि नार्थ इस्ट में मौसम में बदलाव की वजह से कुछ स्थानों में बारिश हुई, जिसका असर छत्तीसगढ़ पर भी पड़ा। तापमान में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन यह सामान्य के करीब ही रही। इस वजह से गर्मी ज्यादा पड़ने की संभावना बनी हुई है।

### सन स्ट्रोक की वजह से सामने आने वाली परेशानियों को जानिए



डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया हीट वेव या सन स्ट्रोक की स्थिति में सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लू लगने के लक्षण हैं। उन्होंने बताया लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने का मुख्यतया शरीर में नमक की कमी होना है। इससे बचाव के लिए तेज धूप में घर से बाहर ना जाएं। आवश्यकता होने पर धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीएं, अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीएं, चक्कर आने उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें।

## सिटी इवेंट

### सैन्य मातृशक्ति ने वृद्धाश्रम में बांटे उपहार, एकसाथ किया भोजन



**भिलाई।** सैन्य मातृशक्ति अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जिला दुर्ग दवरा होली मिलन का आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया, जहां मातृशक्तियों ने वृद्ध माता-पिता तुल्य बुजुर्गों को उपहार भेंट किए और उनके साथ भोजन कर इस पर्व को उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया। इस अवसर पर दुर्ग जिले के पूर्व सैनिक परिवारों की सभी मातृशक्ति बहनों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन्य मातृशक्ति की अध्यक्ष, सावित्री निषाद ने की। उन्होंने अपने जय जोहार के उत्साहवर्धक उद्बोधन से सभी का अभिनंदन किया और इसे एक यादगार आयोजन बनाने के लिए उनकी सकारात्मक ऊर्जा और सहयोग का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से यह होली मिलन एक सार्थक और प्रेरणादायक कार्यक्रम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता सिन्हा, पूर्णिमा हरमुख, शशि साहू, पद्मावती, दीक्षा सिन्हा, मीनाक्षी साहू, प्रेमलता सिन्हा समेत अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन मंजू टण्डन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ज्योति यादव एवं प्रेमलता देशमुख ने किया। सैन्य मातृशक्ति ने यह भी आशा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे आयोजन जारी रहेंगे, ताकि समाज को बेहतर तरीके से समझा जा सके और सकारात्मक ऊर्जा को समाज कल्याण की दिशा में केंद्रित किया जा सके।

## स्पोर्ट्स लाइव

### पिकलबॉल में समर्थ सूर्या ने ओपन मेंस सिंगल्स में जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** इंदौर मध्य प्रदेश में पिकलबॉल ऑफ इंडिया द्वारा सेकंड नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इसके ओपन मेंस सिंगल्स में समर्थ सूर्या मिश्रा ने स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में देशभर के शीर्ष पिकलबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मिश्रा ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में मध्य प्रदेश के उत्कर्ष दुबे को हराकर गोल्ड मेडल जीता, जबकि राजस्थान के नितेश कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न राज्यों से जूनियर, सीनियर और वेटरन वर्ग के खिलाड़ी शामिल थे। राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और अन्य राज्यों के खिलाड़ियों की भागीदारी ने इस प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर का एक बड़ा मंच बना दिया। मिश्रा ने कहा कि नेशनल चैंपियन बनना मेरे और छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। मुकाबले बहुत चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन मैंने अपने खेल पर फोकस रखा और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया। भारत में पिकलबॉल तेज़ी से बढ़ रहा है और इस यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। अन्य प्रमुख परिणामों में, महिला ओपन सिंगल्स में मध्य प्रदेश की किरण मौर्या ने स्वर्ण पदक, जबकि ओपन मेंस डबल्स में अशुतोष मेहता और उत्कर्ष दुबे (मध्य प्रदेश) की जोड़ी ने गोल्ड मेडल जीता। पिकलबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया 2nd नेशनल्स ने इस खेल के बढ़ते प्रभाव को साबित किया है। भारत में पिकलबॉल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और आने वाले वर्षों में और अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभरने की उम्मीद है।

## समाज इवेंट

### राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति के अध्यक्ष बने हरनारायण राजपूत



**दुर्ग।** राजपूत क्षत्रिय महसभा रहटादाह उप समिति दुर्ग में त्रिवर्षिय चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन में हरनारायण सिंह राजपूत ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। काफी गहमागहमी के बीच यह चुनाव जवाहर नगर स्थित आशीर्वाद भवन में हुआ। निर्वाचन के तहत नामांकन प्रक्रिया हेतु भिलाई उपसमिति से पर्यवेक्षक के रूप में टीकम सिंह सेंगर, नीलांबर सिंह, चंद्रकांत सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, ओंकार सिंह आदि उपस्थित थे। निर्वाचन के दौरान 14 पदों में निर्वाचन हुआ। निर्वाचित पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ दुर्ग एवं गृह निर्माण सहकारी समिति जवाहर नगर दुर्ग के अध्यक्ष हरनारायण सिंह राजपूत उपसमिति दुर्ग उत्तर के अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष महेश नारायण सिंह भुवाल, सचिव रोशन सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेश सिंह, सह सचिव मलखान सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रताप चंदेल, केंद्रीय निर्णायक सदस्य देवी सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह, कुमार सिंह, अनेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, संयोग सिंह, त्रिलोक सिंह, युवा अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह निर्वाचित हुए। इसी प्रकार युवा सचिव विशाल सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष मनीषा राजपूत, सचिव नीलिमा राजपूत निर्विरोध निर्वाचित हुईं। समाज के सभी सदस्यों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। साथ ही सामाजिक एकजुटता की दिशा में काम करने के लिए प्रयास करने की बात कही।

● पूरे नौ दिनों तक देवी के अलग-अलग स्वरूपों की होगी पूजा, उमड़ेंगे श्रद्धालु

# चैत्र नवरात्रि की शुरुआत कल से, शहर के देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना

**भिलाई।** इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 30 मार्च से हो रही है। इस दिन शहर के देवी मंदिरों में अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना होगी। 9 दिनों तक चलने वाली चैत्र नवरात्रि में अलग-अलग दिन देवी की अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी। उदया तिथि को देखते हुए 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी।

### मंदिरों में तैयारियां जोरों पर

शहर के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर, मां शारदा मंदिर सेक्टर 1, शिव हनुमान मंदिर राधिका नगर, सत्तीचौरा चंडी मंदिर दुर्ग, शीतला माता मंदिर सुपेला, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, बघुआ मंदिर रामनगर, माता शीतला व काली मंदिर संतोषी पारा सहित सभी देवी मंदिरों में साफ-सफाई कर कलश प्रज्जवलन के लिए कक्ष को सुसज्जित किया जा रहा है। इस नवरात्रि यहां तेल व घी के सैकड़ों कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। अष्टमी पर कन्या भोजन व नवमी के दिन हवन पूर्णाहुति की जाएगी।

### होंगे विविध आयोजन

हिंदू नव वर्ष की शुरूआत चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। इस दिन शहर में कई आयोजन होंगे। इस समय हिंदू कैलेंडर का आखिरी महीना चल रहा है। महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में हिंदू नववर्ष के दिन गुडी पाड़वा पर्व मनाया जाता है। हिंदुओं के लिए हिंदू नववर्ष काफी महत्वपूर्ण होता ही है।




### बंम्लेश्वरी मंदिर में माता की गोद भराई सहित होंगे विविध आयोजन





ट्विनसिटी के सबसे पुराने व आस्था के केंद्र सेक्टर 6 डाकतार कॉलोनी स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाएं जाने वाले चैत्र वासंत नवरात्र उत्सव की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। मंदिर के पुजारी पं दीपक जौंजाड़कर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार चैत्र नवरात्र की शुरुवात गुड़ी पाड़वा की पूजा विधिनुसार की जाएगी। जिसके बाद मंदिर में हिंदू नववर्ष के लिए झंडा रोहण, माता अभिषेक, घट स्थापना, शाम को मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। नवरात्र में प्रतिदिन सुबह माता का अभिषेक कर अलग-अलग रुपों का श्रृंगार कर सुबह 7 बजे आरती, दोपहर 12 बजे भोग आरती एवं शाम 7.30 बजे से संध्या आरती की जाएगी। पूरे नौ दिन दोपहर 2 बजे व रात 8 बजे के बाद महिला मंडलियों द्वारा भजन व जस गीत का आयोजन मंदिर में किया जाएगा। पं दीपक जौंजाड़कर बताते है कि मंदिर में 3 अप्रैल पंचमी तिथि को माता की गोद भराई विशेष रुप से की जाएगी। जिसका सुहागिनों के लिए विशेष महत्व बताया जाता है।

### दुर्गा सप्तसती का होगा पाठ व अनुष्ठान



शिव हनुमान सेवा समिति पूजा मैदान राधिका नगर के पुजारी पं सुशील तिवारी और श्री भोलेनाथ एवं माता राज-राजेश्वरी मंदिर सेवा समिति के पुजारी पं अजायब लाल द्वीवेदी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर में दुर्गा सप्तसती व ललिता सहस्त्रनाम का पाठ विशेष रुप से किया जाता है साथ ही कुंमकम अर्चन व भजन संध्या आयोजित की जाती है। इस दौरान मंदिर में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ती है। नवमी को हवन के बाद ब्राम्हण क कन्या भोज का भव्य आयोजन किया जाता है। पूरे नवरात्र में प्रतिदिन विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा माता के भजन व जसगीतों से माता का गुणगान किया जाता है। साथ ही मनोकामना दीप प्रज्जवलन के लिए आए भक्तों को ज्योत कलश प्रज्जवलन व ज्वारा विर्सजन में बुलाया जाता है। इस दौरान समिति के सभी सदस्य व अन्य भक्त प्रमुख रूप से शामिल होते है।

### 14 अप्रैल को होगा सतुआन



ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे बताते हैं कि चैत्र नवरात्र 30 मार्च से प्रारंभ हो जाएगी, जो आगामी 6 अप्रैल रामनवमी तक रहेगा। मान्यता अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सुबह स्नानादि कर अपने अपने घरों में भगवा ध्वज की स्थापना कर पूजा करें और माता -पिता का चरण स्पर्श कर एक दूसरे को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दें। इसके बाद 14 अप्रैल को लोकप्रसिद्ध पर्व सत्तु संक्रांति अर्थात सतुआन मनाया जाएगा। इस सतुआन के पुण्यकाल में जल से पूर्ण मिट्टी का घड़ा, भगवान शिव पर जलहरी, पानी का पौसरा, सतुआ, गुड़ एवं हाथ पंखा दान करता है उसे चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है।

## ब्रह्माकुमारी का आयोजन

### श्रेष्ठ भावनाओं से सभी को थैंक्स बोलें, हमारे लाइफ का ट्री पॉजिटिव ग्रो करेगा और होंगे सफल



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में बच्चों के लिए आयोजित 3 दिवसीय मेडिटेशन शिविर के पहले दिन बच्चों को फिजिकल एक्सरसाइज के बाद ओम ध्वनि उच्चारण के साथ ज्योतिबिंदु परमात्मा शिव पर मन को एकाग्रता के अभ्यास द्वारा बच्चों ने शिविर की उमंग उत्साह से भरपूर नई सकारात्मक ऊर्जा से शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी शिखा दीदी और मयंक दीदी ने बच्चों को ट्री ऑफ थैंक फुलनेस के बारे में बताया गया। बताया गया कि जो भी हम सभी को वर्तमान में प्राप्तियां हो रही हैं,उसके लिए प्रकृति के 5 तत्वों(धरती, गगन, जल, अग्नि, वायु) परमात्मा, पैरेंट्स, किसान, टीचर्स को दिल से धन्यवाद थैंक्यू कहना है। जिससे हमें सभी के दिल की दुआएं मिलती हैं। सामने वाले का व्यवहार हमारे प्रति सकारात्मक होता है। वो हमारे सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसलिए श्रेष्ठ भावनाओं से सभी को थैंक्स बोले तब हमारे लाइफ का ट्री पॉजिटिव ग्रो करेगा और सफल होंगे। मेडिटेशन कैंप में बच्चों को पजल्स, वैल्यूबल एक्टिविटी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है, इन बातों को बच्चे होमवर्क के रूप में नोट कर जीवन में धारण करने का दृढ़ संकल्प कर रहे है। इस मेडिटेशन शिविर में नए बच्चे भी भाग ले सकते हैं।



## सांसद से की मुलाकात

### यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में देखी संसद की कार्रवाई



**दुर्ग।** दुर्ग यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली पहुंचकर संसद की कार्रवाई देखी। इस दौरान प्रतिनिधियों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। सांसद ने उन्हें संसद के दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा के बारे में विस्तार से जानकारी। इस दौरान कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट की अध्यक्ष करुणा यादव, जया यादव, भूतिवर्धन यादव, राघवेन्द्र सिंह यादव, गहिरा गुरु राजेश यादव सहित अन्य मौजूद थे। गहिरा गुरु ने बताया कि दिल्ली में भारत देश का 18 वां सत्र देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हम यादव प्रतिनिधि मंडल को दुर्ग सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में यह सौभाग्य यादव समाज के लोगों को प्राप्त हुआ। प्रतिनिधियों ने सांसद का आभार भी व्यक्त किया। सांसद ने समाज के उत्थान की दिशा में यह संभव प्रयास करने का भरोसा भी दिलाया।

### नव संवत्सर पर आध्यात्मिक प्रवचन और सुंदरकांड का पाठ कल

**भिलाई।** चैत्र नवरात्र की प्रारंभ तिथि तथा नव संवत्सर के अवसर पर 30 मार्च को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग द्वारा समर्पण मानस महिला मण्डल मीनाक्षी नगर के सहयोग से केसरी नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण मीनाक्षी नगर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। आयोजन दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। इसके बाद शाम 4 बजे से 6 बजे तक स्वामी रामभद्राचार्यजी के शिष्य डॉ. अशोक हरिवंश, तेंदुआ आश्रम शिवरीनारायण का शबरी के राम विषय पर विशेष आध्यात्मिक प्रवचन होगा। शाम 6:15 बजे आरती व भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता हेतु अपील की गई है। यह जानकारी महासंघ के जिला इकाई अध्यक्ष बीके वर्मा द्वारा दी गई।

## हैंड्स ऑन कार्यशाला में एंजाइम प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान पर चर्चा

# जीवन विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्र-छात्राओं को बताई रिसर्च की महता

कार्नर न्यूज

**सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा में किया जा रहा आयोजन**

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई के माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी, इंडिया (एमबीएसआई) और बायोइन्नोवेल लाइफसाइंसेज, बेंगलुरु के सहयोग से एंजाइम टेक्नोलॉजी और बायोइन फॉरमैटिक्स बायोटेक्नोलॉजी के भविष्य को उत्प्रेरित करने के विषय पर एक सप्ताह की व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया था। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को एंजाइम टेक्नोलॉजी और बायोइनफॉरमैटिक्स में आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था, जो जैव प्रौद्योगिकी के भविष्य को संचालित करने वाले दो प्रमुख क्षेत्र हैं। उद्घाटन समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे।



### एंजाइम शुद्धिकरण और लक्षण वर्णन का दिया प्रशिक्षण

जिन्होंने जीवन विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए अनुप्रयुक्त अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला की शुरुआत एंजाइम तकनीक पर गहन सत्रों के साथ हुई, जहां प्रतिभागियों को एंजाइम शुद्धिकरण और लक्षण वर्णन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। बायोइन्नोवेल लाइफ साइंस के विशेषज्ञ डॉ. देबाशीष साहू ने इन व्यावहारिक सत्रों को सुगम बनाया और छात्रों को एंजाइम अलगाव और विश्लेषण प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

### जैविक अनुसंधान पर किया मार्गदर्शन



कार्यशाला जैव सूचना विज्ञान पर केंद्रित था, जहाँ प्रतिभागियों को विभिन्न जैव सूचना विज्ञान उपकरणों, डेटाबेस और डेटा विश्लेषण विधियों से परिचित कराया गया। सेंट थॉमस कॉलेज में सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुभूति झा ने सत्र का नेतृत्व किया, प्रतिभागियों को जटिल जैव सूचना विज्ञान डेटाबेस, डेटा माइनिंग तकनीकों और जैविक अनुसंधान में उनके अनुप्रयोगों के बारे में मार्गदर्शन दिया। भिलाई महिला महाविद्यालय की डॉ. रंजना साहू ने प्रतिभागियों को मैगा सॉफ़्टवेयर से परिचित कराकर इन विषयों पर विस्तार से बताया, जहाँ उन्होंने आणविक विकास का सांख्यिकीय विश्लेषण करना और फ़ायलोजेनेटिक पेड़ों का निर्माण करना सीखा। कार्यशाला के अंतिम दिन, एसएसपीयू के सहायक प्रोफेसर डॉ. पारख सहगल ने कंप्यूटर सहायता प्राप्त दवा डिजाइन पर जानकारी प्रदान की, जिसमें फार्मास्युटिकल अनुसंधान में उन्नत डॉकिंग सॉफ्टवेयर की भूमिका का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को दवा की खोज में कम्प्यूटेशनल टूल्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी मिली, जिससे चिकित्सीय अणुओं को विकसित करने की प्रक्रिया को समझने के लिए नए दरवाजे खुले। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस आयजोन से प्रतिभागियों ने एंजाइम प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव दोनों प्राप्त किए। इस दौरान कॉलेज के प्रशासक फादर (डॉ) पी एस वर्गीस, प्रिंसिपल डॉ एम जी रोईमोन भी उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है रोमांचक मुकाबले



अभिषेक 83 रन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 27 से 30 मार्च श्रृंखला में दूसरे दिन शुक्रवार को 4 मैच खेले गये।

**बी.एस.पी. के विरुद्ध जांजगीर चांपा पीछे**

ग्रुप ए का सातवां चार दिवसीय मैच बी.एस.पी. एवं जांजगीर चांपा के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बी.एस.पी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 133.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 440 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर से वैभव साहु ने सर्वाधिक 93 रन बनाये साथ ही देव आदित्य सिंह ने 85 रन तथा संगीत सोनी ने 66 रनों का योगदान दिया। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से हर्ष राठौर ने 5 विकेट तथा शाहबान खान ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी में 44 ओवरों में 4 विकेट खोकर 117 रन बना लिये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से संजीव सिंह ने नाबाद 40 रन तथा शाहबान खान ने नाबाद 34 रनों का योगदान दिया। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा 323 रनों से पीछे है।

**रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर ब्लू पीछे**

ग्रुप ए का आठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 112.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीश सिंह धालीवाल ने सर्वाधिक 140 रन तथा आलोक साहु ने 48 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लु की ओर से इम्तियाज खान तथा अल्तमश खान ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 50.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 137 रन ही बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से इम्तियाज खान ने 41 रन तथा सन्नी पांडे ने 31 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से आयुष ठाकुर, पवनदीप सिंह, वरुण सिंह भुई तथा ऋषि शर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी बिलासपुर ब्लू ने दूसरे दिन की समाप्ति तक 5 ओवरों में 1 विकेट खोकर 5 रन बना लिये हैं। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ब्लू 169 रनों से पीछे हैं।

**रायपुर के विरुद्ध बिलासपुर पीछे**

ग्रुप बी का सातवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 324 रन बनाये। रायपुर की ओर से इयान कॉस्टर ने सर्वाधिक 97 रन नाबाद तथा प्रतिक यादव ने 49 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 4 विकेट तथा धनंजय नायक ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 77 ओवरों में 9 विकेट खोकर 264 रन बना लिये है। बिलासपुर की ओर से अभिषेक सोहगौरा ने नाबाद 83 रन तथा अभिजीत ताह ने 42 रनों का योगदान दिया। रायपुर की ओर से आशीष चौहान तथा उत्कर्ष तिवारी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर 60 रनों से पीछे है।

**महासमुंद के विरुद्ध प्लेट कंबाइंड की जीत**

ग्रुप बी का आठवां चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं प्लेट कंबाइंड के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 37.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाये। महासमुंद की ओर से कृतेश साहू ने सर्वाधिक 74 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने 4 विकेट, हर्ष यादव तथा विजय यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 71.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 342 रन बनाये हैं।

### राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ का 22 सदस्यीय दल देहरादून रवाना



**रायपुर।** भारतीय जुडो महासंघ के तत्वाधान में उत्तराखंड संघ द्वारा राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता पिस्टल वीद स्कूल, मसूरी रोड, देहरादून (उत्तराखंड) में 28 से 31 मार्च तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष और प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ का 22 सदस्यीय दल जिसमें 9 बालक, 10 बालिका एवं 03 प्रशिक्षक/मैनेजर रवाना हुए।

छत्तीसगढ़ टीम में बालिका वर्ग में दीपिका साहू-44 किलो, ट्विंकल सारथी-48 किलो, तनु रानी साहू -52 किलो, आकांक्षा जायसवाल -57 किलो, शारदा गोस्वामी -63 किलो, अंजलि ठाकुर-70 किलो, साधना जायसवाल -78 किलो, स्नेहा नियोगी +78 किलो, ज्योति ध्रुव-44 किलो, श्यामा अनजा -57 किलो शामिले हैं।

### इस समस्या में त्वचा का रंग पड़ जाता है नीला, जा सकती है जान

# बदलती लाइफ स्टाइल के चलते तेजी से बढ़ रही हाइपरटेंशन की शिकायतें, वक्त रहते जरूरत सभी को पूरी तरह सचेत होने की

हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। इससे हार्ट अटैक से लेकर स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी को हाइपरटेंशन की बढ़ती समस्या का प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

हाइपरटेंशन की स्थिति और इसके जोखिमों को लेकर तो हम सभी जानते हैं पर क्या आपने पल्मोनरी हाइपरटेंशन के बारे में सुना है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बीमारी तेजी से बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।


पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी उच्च रक्तचाप का ही एक प्रकार है जो फेफड़ों और हृदय के दाहिने हिस्से की धमनियों को प्रभावित करता है। पल्मोनरी हाइपरटेंशन के एक प्रकार जिसे पल्मोनरी आर्टीरियल हाइपरटेंशन कहा जाता है, इसमें फेफड़ों में रक्त वाहिकाएं संकुचित, अवरुद्ध या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इस तरह की स्थिति के कारण फेफड़ों के माध्यम से रक्त का प्रवाह धीमा हो जाता है, जिसके कई तरह के दुष्प्रभाव हैं।



## पल्मोनरी हाइपरटेंशन का बढ़ता जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पल्मोनरी हाइपरटेंशन कुछ लोगों में गंभीर और जानलेवा भी हो सकती है, ऐसे में इसके खतरे को लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी की समस्या बढ़ती जा रही है, इन रोगों का जोखिम भी बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम निरंतर प्रयास करते रहें जिससे इसके जोखिमों को कम किया जा सके।

## क्यों होती है पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या?



पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या विकसित होने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित दिक्कतों के अलावा कुछ प्रकार के अंतर्निहित कारण जैसे जन्मजात हृदय रोग, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, लिवर के रोग (सिरोसिस), फेफड़ों में रक्त के थक्के बनने जैसे स्थितियां शामिल हैं।

सामान्यतौर पर फेफड़ों में रक्त वाहिकाओं के माध्यम से हृदय के बाईं ओर आसानी से रक्त प्रवाहित होता है लेकिन फेफड़ों की धमनियों को लाइन करने वाली कोशिकाओं में परिवर्तन के कारण धमनी की दीवारें संकीर्ण, कठोर, सूज सकती हैं। ये परिवर्तन फेफड़ों के माध्यम से रक्त के प्रवाह को धीमा कर देते हैं, जिससे इस गंभीर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

## पल्मोनरी हाइपरटेंशन के लक्षणों को जानिए

पल्मोनरी हाइपरटेंशन की स्थिति शरीर में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। आमतौर पर इसके लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं और बीमारी बढ़ने के साथ इसका अधिक होने लग जाता है। व्यायाम करते समय सांस की तकलीफ होना। शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होने



के कारण त्वचा का रंग नीला या भूरा होना। त्वचा के रंग के आधार पर इन परिवर्तनों को आसानी से देखा जा सकता है। सीने में दबाव या दर्द महसूस होना। चक्कर आना या बेहोशी होना। दिल की धड़कन का बढ़ना और अधिक थकान महसूस होते रहना।

## पल्मोनरी हाइपरटेंशन का इलाज और बचाव

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का कोई इलाज नहीं है, हालांकि लक्षणों को सुधारने और इसके जोखिमों को कम करके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए दवाइयों और कुछ प्रकार की थेरेपी की मदद ली जा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाल में कुछ प्रकार के बदलाव की स्थिति इस रोग के जोखिमों को कम करने में मददगार हो सकती है।



# कानों में घंटी बजने जैसी आवाज आ रही तो हो जाएं सावधान, बहरापन संभव

हमारे शरीर के सभी अंग आपस में एक दूसरे से कनेक्टेड होते हैं, यही कारण है कि किसी एक अंग में होने वाली समस्या के कारण पूरा शरीर प्रभावित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी अक्सर हृदय-फेफड़े जैसे अंगों में होने वाली समस्याओं को लेकर तो अलर्ट रहते हैं और इसे ठीक रखने के लिए प्रयास भी करते रहते हैं, पर आंख-कान जैसे अंगों की सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। हालांकि इन अंगों में होने वाली समस्याओं के कारण भी शरीर में गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम हो सकता है।

इस लेख में हम कान में अक्सर घंटी बजने जैसी आवाज आने की समस्या के बारे में जानेंगे। क्या आप भी इस तरह की दिक्कत महसूस करते रहते हैं? अगर हां तो तुरंत अलर्ट हो जाइए, कहीं ये टिनिटस की दिक्कत तो नहीं है? कानों की इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है क्योंकि जिन कारणों से ये समस्या विकसित होती है, उसके दीर्घकालिक जोखिम हो सकते हैं।

## टिनिटस की समस्या के बारे में जानिए

कानों में आवाज आने की समस्या यानी टिनिटस के कारण आप अपने एक या दोनों कानों में घंटी बजने या शोर जैसी आवाज का अनुभव कर सकते हैं। आप जो आवाज सुनते हैं वह किसी बाहरी ध्वनि के कारण नहीं होता है और अन्य लोग इसे नहीं सुन सकते हैं।

टिनिटस बहुत आम सी समस्या है और यह लगभग 15% से 20% लोगों को प्रभावित करती है। विशेषरूप से वृद्ध लोगों में इसके होने का खतरा अधिक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकती है जिसपर ध्यान देना और इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है।



## कान में चोट या संक्रमण हो सकती है वजह

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या जैसे उम्र से संबंधित सुनने की बीमारी, कान में चोट या संक्रमण, संचार प्रणाली की समस्या के कारण हो सकती है। अगर इन स्थितियों का समय पर निदान या उपचार न हो पाए तो इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी खतरा रहता है।

टिनिटस की समस्या का कारण सर्दी जैसा ऊपरी श्वसन संक्रमण भी हो सकता है, जिसपर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है। टिनिटस का अगर समय पर इलाज न हो पाए तो इससे कानों में और भी कई तरह की दिक्कतें, यहां तक कि बहरापन भी हो सकता है।

## हमेशा के लिए जा सकती है सुनने की शक्ति

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हमारे कान के आंतरिक हिस्से में छोटी, नाजुक कोशिकाएं होती हैं जो ध्वनि तरंगें मिलने पर हिलती हैं। यदि आंतरिक कान में कुछ समस्या आ जाए तो इसके कारण भी टिनिटस हो सकता है और समय पर इसका इलाज न होने पर कानों की शक्ति भी जा सकती है। इसके अलावा कानों में संक्रमण या कान की नलिकाओं में रुकावट के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है।

# बिना मिक्सर के घर पर बनाएं ओरिगेनो और चिली फ्लेक्स, बढ़ जाएगा जायका



बाज़ार में मिलने वाले चिली फ्लेक्स और ऑरिगेनो काफी दिनों तक स्टोर किए जाते हैं और ये महंगे भी होते हैं, लेकिन आप चाहें तो इन्हें घर पर भी बना सकती हैं वो भी बिना मिक्सर के। चिली फ्लेक्स बनाने के लिए आपको सिर्फ 50 ग्राम सूखी लाल मिर्च लेनी है। इसे आप बिना मिक्सर के बनाना चाहती हैं तो इसका तरीका भी बहुत आसान है। इसका तरीका ये है कि आप इसे 1 घंटे के लिए धूप में सुखा दें। आपको कड़ी धूप चाहिए। बस यही है सीक्रेट ट्रिक जो आपको घर पर ही आसानी से चिली फ्लेक्स बनाने में मदद करेगी। इन्हें बनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि आप इन्हें धूप में सुखा दें। सूखी लाल मिर्च को अगर थोड़ी देर के लिए धूप में रख दिया जाए तो ये बहुत ज्यादा क्रिस्पी हो जाती है।

## घर पर बिना मिक्सर के ऐसे बनाएं ऑरिगेनो

सबसे पहले अजवाइन के पत्ते आप धोकर सुखा लें। इसे तवे पर आप पलट-पलट कर सेकें जिससे ये ड्राई हो जाएं। जब ये पत्ते ड्राई हो जाएं तो आप इसे चूर लें। ये हाथों से ही चूरा हो जाएंगे और बस यही होगा आपका ऑरिगेनो आप इन्हें धूप में भी सुखा सकते हैं, लेकिन ये काफी दिन ले लेंगे सूखने में और इसलिए सबसे आसान तरीका यही होगा कि आप इसे तवे पर सेंक लें। अगर आप इन्हें माइक्रोवेव करना चाहें तो वो भी कर सकते हैं, लेकिन बीच में बार-बार इन्हें पलटें ताकि ये दोनों तरफ से अच्छे से सिंक जाएं और सूख भी जाएं। शुरुआत में ये हरा दिखेगा, लेकिन जब आप इसे स्टोर कर लेंगी तो ये बाज़ार में मिलने वाले ऑरिगेनो की तरह ब्राउन हो जाएगा।

# भिंडी को रखना है लंबे समय तक तो अपनाएं जरूरी टिप्स



अगर आप ज्यादा भिंडी घर ले आए हों तो उसे स्टोर करने का सही तरीका जानकर खराब होने से बचा सकते हैं। भिंडी को लंबे समय तक हरी भरी और फ्रेश बनाए रखने के आसान टिप्स के बारे में जान लीजिए।

**भिंडी को स्टोर करने के टिप्स:** भिंडी को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए उसे नमी से दूर रखना चाहिए। भिंडी खरीदकर लाएं तो पहले उसे फैलाकर सूखा लें ताकि उसपर लगा पानी सूख जाए। सब्जी में जरा सा भी पानी होने से वह जल्दी खराब हो जाती है।

-भिंडी को सूखे कपड़े में लपेटकर एयरटाइट कंटेनर में रखें। ताकि भिंडी में नमी न आने पाए। इससे भिंडी जल्दी खराब नहीं होती।

**भिंडी को फ्रिज में रखने के टिप्स :** -अगर भिंडी को फ्रिज में रख रहे हैं तो उसे पॉलीथिन या वेजिटेबल बैग में रखकर फ्रिज में रखें। पॉलीथिन में भिंडी रख रहे हैं तो उसमें 1-2 छेद जरूर कर दें।




कार्नर न्यूज

### गड़बड़ लाइफस्टाइल के चलते रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं बढ़ीं

# रीढ़ की दिक्कतों से सामान्य कामकाज करना हो सकता है मुश्किल, योगासनों से मिलेगी राहत

शरीर को सीधा रखने, झुकने और दैनिक जीवन के अन्य आवश्यक कार्यों को करते रहने के लिए रीढ़ की हड्डी का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। हालांकि गड़बड़ लाइफस्टाइल के चलते पिछले कुछ वर्षों में रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के मामले काफी बढ़ गए हैं। विशेषज्ञ इसके लिए सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को प्रमुख कारक के तौर पर देखते हैं। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल यानी कि जीवनशैली की गतिहीनता आपमें कई तरह के स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकती है। रीढ़ की हड्डी की समस्या भी इसका एक उदाहरण है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप दिनचर्या में रोजाना योगासनों को शामिल करते हैं तो हड्डी और मांसपेशियों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिल सकती है। वहीं जो लोग पहले से ही रीढ़ की समस्याओं के शिकार हैं उनके लिए योगासनों का अभ्यास करना विशेष लाभप्रद हो सकता है। आइए जानते हैं कि दिनचर्या में किन योगासनों को शामिल करने की आदत आपके लिए फायदेमंद हो सकती है?



## भुजंगासन योग


रीढ़ की स्ट्रेचिंग के साथ लचीलेपन को बढ़ाने और कमर-गर्दन के दर्द को कम करने के लिए भुजंगासन योग के अभ्यास की आदत आपके लिए विशेष लाभप्रद होती है। भुजंगासन योग को विशेषज्ञ शरीर के पिछले हिस्से के अंगों के लिए काफी फायदेमंद अभ्यास के तौर पर देखते हैं। आपकी छाती, कंधे और पेट की मांसपेशियों के बेहतर स्ट्रेचिंग और स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए इसका नियमित अभ्यास किया जाना चाहिए। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ भुजंगासन योग आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी कारगर योगाभ्यास माना जाता है।

## कैट काऊ पोज का अभ्यास

कैट काऊ पोज या मार्जरी आसन को रीढ़ की समस्याओं में काफी फायदेमंद माना जाता है। रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने से लेकर लचीलेपन को बढ़ाने और रक्त के संचार को ठीक बनाए रखने के लिए रोजाना इस योग का अभ्यास करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। मार्जरी आसन आपके धड़, कंधे और गर्दन की बेहतर स्ट्रेचिंग करने के साथ शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करने में आपके लिए लाभकारी है।

## अधोमुख शवासन योग

पीठ, कमर और रीढ़ से संबंधित दिक्कतों को दूर करने के लिए विशेषज्ञ अधोमुख शवासन योग के नियमित अभ्यास की आदत को लाभदायक मानते हैं। डाउनवर्ड फेसिंग डाग पोज रीढ़ के लचीलेपन को बढ़ाने और कमर की समस्याओं को दूर करने में आपके लिए विशेष लाभप्रद हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## प्रोड्यूसर बने 'टाइटैनिक' फेम लियोनार्डो बोर्डिंग स्कूल के काले सच पर बनाई फिल्म



ऑस्कर विजेता अभिनेता और निर्माता लियोनार्डो डिकैप्रियो फिल्ममेकर शैनन क्रिंग के साथ एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। दोनों ने आगामी डॉक्यूमेंट्री 'नाइन लिटिल इंडियंस' के लिए हाथ मिलाया है। इसमें अमेरिकन मूल निवासी बच्चों के साथ एक अमेरिकी बोर्डिंग स्कूल में हुई दर्दनाक कहानी को दिखाया जाएगा। लियोनार्डो डिकैप्रियो इसे प्रोड्यूस करेंगे।

ये डॉक्यूमेंट्री मौजूदा वक्त में पोस्ट प्रोडक्शन में है। इसकी कहानी चारोबोन्यू या शार बोह नोह बहनों और उनके बचपन के स्कूल के साथियों के बीच लगभग दो दशक लंबी कानूनी लड़ाई पर आधारित है। जिन्होंने साउथ डकोटा के सेंट पॉल इंडियन मिशन स्कूल में भयानक दुर्व्यवहार को सहा था। डेडलाइन के मुताबिक, यह फिल्म कैथोलिक चर्च को उनके विरुद्ध किए गए जघन्य अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराने के उनके संघर्ष को दिखाएगी। लियोनार्डो डिकैप्रियो की प्रोडक्शन कंपनी ऐपियन वे इस डॉक्यूमेंट्री को रेड क्वीन मीडिया और टेर्रा मैटर स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही है। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म में स्कूल की दो पूर्व नन और सेवादार के इंटरव्यू को दिखाया जाएगा, जिन्होंने उन पादरियों की सेवा की थी जिन पर बलात्कार और हत्या के आरोप थे। इस डॉक्यूमेंट्री का उद्देश्य अमेरिकी भारतीय बोर्डिंग स्कूलों के काले इतिहास को उजागर करना है। जिनकी स्थापना मूल अमेरिकी बच्चों को एंग्लो-अमेरिकन सभ्यता के बारे में बताने के लिए हुई थी। इन संस्थाओं का संबंध बलात्कार और हत्या के अनेक मामलों से रहा है।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल-ममूटी को लेकर क्यों हो रहा बवाल, आस्था पर विवाद की वजह



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल सबरीमाला मंदिर में अपने दोस्त ममूटी के लिए प्रार्थना करके विवादों में घिर गए हैं। दोनों अभिनेता लगभग तीन दशक से एक दूसरे के दोस्त हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल अपनी फिल्म 'एल2 एम्पुरान' की रिलीज से ठीक पहले विवादों में घिर गए। हालांकि, इसका उनकी फिल्म से कोई लेना देना नहीं है। दरअसल, मोहनलाल 18 मार्च को सबरीमाला मंदिर में विशेष प्रार्थना करते हुए देखे गए। इसके बाद उनकी इस यात्रा का वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में वह अपने करीबी दोस्त ममूटी के लिए प्रार्थना करते और आशीर्वाद मांगते हुए नजर आए। एक हिंदू सुपरस्टार ने अपने दूसरे धर्म के दोस्त के लिए मंदिर में प्रार्थना की, जिसके बाद एक वर्ग के लोग अभिनेता की आलोचना करने लगे और इस पर विवाद शुरू हो गया।

मोहनलाल और ममूटी दोनों ही सुपरस्टार हैं, जो तीन दशकों से ज्यादा समय से एक-दूसरे के दोस्त हैं। दोनों ने करीब 16 फिल्मों में साथ काम किया है। हाल ही में जब 73 वर्षीय ममूटी बीमार पड़े, तो मोहनलाल ने केरल के प्रतिष्ठित हिंदू मंदिर का दौरा किया। हालांकि, उनकी यात्रा की रसीद सोशल मीडिया पर लीक हो गई और इससे आस्था को लेकर विवाद शुरू हो गया। ममूटी के जन्म के नाम मुहम्मद कुट्टी पर लीक हुई रसीद ने लोगों के एक वर्ग को यह सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया कि क्या किसी गैर हिंदू धर्म के व्यक्ति के लिए मंदिर में प्रार्थना करना सही है॥ ऐसा नहीं है कि सिर्फ मोहनलाल पर ही मंदिर में अपने दोस्त के लिए प्रार्थना करने पर आपत्ति जताई जा रही है। पहला तर्क मोहनलाल को टार्गेट करता हुआ है, जहां उन्हें हिंदू देवता की पूजा करने और अपने दोस्त की बेहतरी की कामना करने के लिए धर्म विशेष समुदाय से माफी मांगने के लिए कहा जा रहा है। दूसरा तर्क यह है कि अगर ममूटी ने अपने दोस्त से मंदिर में उनके लिए प्रार्थना करने के लिए कहा तो उन्होंने अपने धर्म के खिलाफ काम किया।

### बॉलीवुड

## फिल्म 'रेड-2' में दिखेंगी भिलाई की श्रुति पांडे



हाल ही में अजय देवगन की फ़िल्म 'रेड-2' का पोस्टर और टीज़र रिलीज़ हुआ। जिसमें श्रुति अजय देवगन के साथ ऑफिसर की भूमिका में दिखाई दे रही हैं। भिलाई, रिसाली की रहने वाली श्रुति पांडे ने पिछले साल की ब्लॉकबस्टर रही फ़िल्म स्त्री-2 में भी काम किया था। अभी 'रेड-2' के पोस्टर रिलीज़ के बाद श्रुति चर्चाओं में हैं। भिलाई के एक न्यूज़ चैनल में बतौर एंकर के रूप में काम कर चुकी श्रुति पांडे ने सिनेमा से पहले थिएटर की जमकर बारीकियाँ सीखीं। उनकी एक्टिंग जर्नी काफ़ी सराहनीय रही है। भिलाई से ही की थी थिएटर की शुरुआत फिर मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ़ ड्रामा के बैच 2017-18 में उनका चयन हुआ। नाटकों में अभिनय के साथ उन्होंने नाटकों का निर्देशन भी किया। साल 2019 में बड़े पर्दे का सपना लिए मुंबई पहुँचीं जहाँ बीसों प्रोजेक्ट्स में अपना हुनर आज़माने के बाद फ़िल्म लव आजकल २ में उन्हें एक छोटा ब्रेक मिला। इसके बाद फ़िल्म हैलमेट, ए थर्सडे, पटना शुक्ला, पवई आदि फ़िल्मों में भी काम किया। फ़िल्मों के साथ एड में उनका काम सराहा गया है। श्रुति पिछले चार साल से एक्सिस बैंक की प्रमोशनल फ़ेस हैं। कई विज्ञापन, फ़िल्मों में काम कर चुकीं श्रुति ने अनुष्का शर्मा, अजय देवगन, कार्तिक आर्यन, अपार शक्ति ख़ुराना आदि प्रमुख कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर की है।

### ट्रेंडसेटर-2025

सभी ट्रेंडसेटर अपने फैशन गेम को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। आप साल 2025 का ट्रेंड समझना चाहते हैं, तो नियॉन एक्सेसरीज़ भी गजब ढाते दिखते हैं। रंगों का यह शानदार विस्फोट किसी भी पोशाक में तुरंत आकर्षण जोड़ देता है। ये एक्सेसरीज़ साल 2025 के फैशन में आपको और भी ज़्यादा चमकदार बना देंगी, चाहे वो नियॉन स्टेटमेंट इयररिंग्स हों या बेल्ट से लेकर शॉकिंग नियॉन टोन में टोट हैंडबैग तक सब कुछ।




## मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो बढ़ा देंगे आपके रूप की शोभा

पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपके लिए कुछ ऐसे मंगलसूत्र के डिजाइंस,जो आपका मन मोह लेंगे। आप ऑर्डर पर अपने लिए इन्हें कस्टमाइज कराने के लिए मजबूर हो जाएंगी।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी



पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं।

### कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे। यदि सिंपल कुंदन डिजाइन के मंगलसूत्र डिजाइन की तलाश में हैं, तो आपको इसमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के कुंदन में अलग-अलग शेप में मंगलसूत्र के पेंडेंट मिल जाएंगे, आपको केवल उनमें अपनी पसंद की चेन लगवानी होगी।

## ऑफिस की पार्टी में बिखेरना है जलवा तो ऐसे कर सकते हैं कपड़ों का चयन



लोग अपनी असल जिंदगी में कितने भी स्टाइलिश हों, लेकिन जब बात दफ्तर की आती है तो हर कोई अपने दफ्तर में थोड़ा सिंपल लुक कैरी करना ही पसंद करता है। पर, जब भी कभी दफ्तर में पार्टी होती है तो हर कोई उस पार्टी में अपना स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहता है।



लड़कों के लिए पार्टी का आउटफिट चयन करने में कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन जब बारी लड़कियों की आती है तो उन्हें पार्टी में जाने के लिए काफी सोचना पड़ता है। हर लड़की ऑफिस की पार्टी में जाने से पहले अपने आउटफिट से लेकर मेकअप तक का खास ध्यान रखती है। इसके लिए वो कई दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर देती है।

अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है और आप कपड़ों को लेकर संशय में हैं तो अपना संशय दूर करें। आप पार्टी में तैयार होने के लिए कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं। इस अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर आप आउटफिट की खरीदारी कर सकती हैं।

**जमसूट:** अगर पार्टी में बॉस लेडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का जमसूट कैरी करें। ये आपको खूबसूरत के साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इस लुक के साथ आप हिना खान के जैसी ही पोनीटेल भी बना सकती हैं।

**सीक्विन को-ऑर्ड सेट:** रात की पार्टी मे अगर कुछ शिमरी पहनना चाहती हैं तो ऐसे सीक्विन फैब्रिक का ऐसा को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप अगर थोड़ा डार्क मेकअप करेंगी तो भी आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ भी हील्स ही कैरी करें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

**बार्बी ड्रेस:** अगर क्यूट दिखना चाहती हैं तो ऐसी बार्बी लुक वाली ड्रेस को आप पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखें और बालों को खुला रख के उसपर बो क्लिप लगाएं। ये लुक भी पार्टी के लिए परफेक्ट रहेगा।

**शॉर्ट ड्रेस:** अगर ग्लैरमस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस को अपने कलेक्शन में शामिल करें। अगर आप ऐसी ड्रेस पहनकर पार्टी में जाएंगी तो लोग आपको पलट-पलट कर देखे बिना रह नहीं पाएंगे। इसके साथ हील्स जरूर पहनें और बालों को तो जरूर खुला ही रखें।

## रिमूवर हो गया है खत्म तो परेशान न हों, इन चीजों के इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल पॉलिश

हर लड़की की खूबसूरती में उनके नाखून चार चांद लगाते हैं। नाखूनों की खूबसूरती को और बढ़ाने के लिए बाजार में तमाम रंगों की नेल पॉलिश मिलती हैं। जिसका इस्तेमाल लड़कियां अपने आउटफिट के रंगों से मैच करके करती हैं। बहुत सी लड़कियां तो हर रोज नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। इसके लिए उन्हें हर रोज नेल पॉलिश छुड़ानी भी पड़ती है। नेल पॉलिश छुड़ाने के लिए नेल पेंट रिमूवर इस्तेमाल किया जाता है, जो बेहद कम दाम में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

लिक्विड के साथ-साथ अब तो नेल रिमूवर वाइप्स भी बाजार में मिलते हैं। सोचिए अगर आपको अर्जेंट कहीं जाना हो और नेल रिमूवर खत्म हो जाए तो आप क्या करेंगी। इसके परेशानी के चलते हम आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप नेल रिमूवर की जगह कर सकती हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको तुरंत बाजार नहीं जाना पड़ेगा।

**गर्म पानी:** नेल रिमूवर खत्म होने के बावजूद आप सिर्फ गर्म पानी के इस्तेमाल से भी नेल पॉलिश हटा सकती हैं। इसके लिए



आपको बस अपने नाखूनों को गर्म पानी में डूबो कर रखना है। कुछ देर गर्म पानी में नाखूनों को डुबो कर रखने के बाद रुई की मदद से नेल पॉलिश को साफ करें।

**सिरका और नींबू:** हर घर में सिरका और नींबू तो मिल ही जाता है, जिसका इस्तेमाल आप क्लींजर के रूप में कर सकती हैं। इसके लिए बस एक कटोरी में सिरका लेकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं और इसमें नाखूनों को डुबो कर रखें। इसके बाद आप रुई की मदद से नेल पेंट को हटा सकती हैं।

**टूथपेस्ट:** हर घर में मौजूद टूथपेस्ट दांतों को चमकाने के साथ-साथ नेल पॉलिश हटाने में भी काम आता है। इसके लिए आपको टूथपेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाकर रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ना है।

## बुखार से डल हो गया है चेहरा तो अपनाएं ये घरेलू तरीके, त्वचा में आएगी चमक

आजकल बदलते मौसम की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार बुखार की वजह से लोगों का हाल काफी बेहाल हो जाता है। बहुत से लोगों के चेहरे पर दवाईयों की वजह से पिंपल्स होने लगे हैं तो कईयों का चेहरा काफी डल हो जाता है।

आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानना चाहिए हैं, जिनको अपनाकर आप अपना निखरता हुआ चेहरा वापस पा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ चीजों के इस्तेमाल से ही आपका चेहरा खिल उठेगा। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं।

**नीम:** अगर दवाईयां खाने की वजह से आपके चेहरे पर ज्यादा पिंपल्स निकल रहे हैं तो नीम आपके लिए रामबाण है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर उसमें थोड़ी से हल्दी मिलानी है। इस पैक को चेहरे पर कुछ देर लगाने के बाद सादे पानी से चेहरा धो दें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा।

**टमाटर:** स्किन का ग्लो वापस पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर को मैश करके



उसमें थोड़ी सी चीनी या फिर शहद मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। इससे आप स्क्रब भी कर सकते हैं।

**तुलसी:** पूजा के साथ-साथ तुलसी का इस्तेमाल आप चेहरे के ग्लो को बरकरार रखने के लिए भी कर सकते हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर आप चेहरे पर लगा सकते हैं।

**चंदन:** अगर आपका चेहरा बुखार की वजह से काफी डल हो गया है तो चंदन को घिसें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लें। इस पैक को सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

### कार्नर न्यूज

### इस मौसम में नया लुक देते हैं ओवरसाइज्ड आउटफिट

## गर्मियों के दौरान पुरुष अपनाएं ऐसे फैशन टिप्स, मिलेगा कूल और स्टाइलिश लुक

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।

### कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।

### सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न



केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

### जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### टोपी पहनने में न शर्माएं

आमतौर पर गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।



### शर्ट की स्लीव्स को रोल करें

यह गर्मियों के दौरान पुरुषों के लिए सबसे आसान और प्रभावी स्टाइलिंग हैक्स में से एक है और इसके लिए उन्हें ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं है। बस फुल स्लीव्स की शर्ट पहनें और उसकी स्लीव्स को रोल करते हुए कोहनी के ऊपर रखें।